दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



क्या टीचर्स का रोल निभा पाएगा....... तभी सम्मान प्रतिष्ठा.......

वर्ष : 11 | अंक : 252 | लखनऊ, 01 सितम्बर, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही अधिकारियों के प्रदर्शन का वास्तविक पैमाना होगा : सीएम योगी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान में लापरवाही अक्षम्य है और शिकायतकर्ता की संतुष्टि और उसकी प्रतिक्रिया ही अधिकारियों के प्रदर्शन का वास्तविक पैमाना होगा।

मुख्यमंत्री ने यहां अपने सरकारी आवास पर प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन, आगामी त्योहारों की तैयारियों, बाढ़ की स्थिति, डेंगू नियंत्रण और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे विषयों पर शासन के वरिष्ठ अधिकारियों, मण्डलायुक्तों, पुलिस कमिश्नरों, जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान में लापरवाही अक्षम्य है। आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त हो रही प्रत्येक जन शिकायत और समस्या का शिकायतकर्ता की दृष्टि से संतुष्टिपरक समाधान होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा, सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और जनहित सर्वोपरि है। शिकायतकर्ता की संतुष्टि और उसका फीडबैक ही अधिकारियों के प्रदर्शन का वास्तविक पैमाना होगा।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि सभी जिलों में एण्टी रोमियो स्क्वॉड की गतिविधियां और तेज की जाएं साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी नवरात्रि में मिशन शक्ति का नया चरण प्रारम्भ होगा, इसके लिए सभी जिलों में प्रशासन अभी से व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने प्रदेशवासियों को राधा अष्टमी पर्व की बधाई दी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई प्रमुख नेताओं ने रविवार को प्रदेशवासियों को राधा अष्टमी पर्व की बधाई दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा, पावन पर्व राधा अष्टमी की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई ! निष्काम प्रेम, करुणा व भक्ति की साक्षात स्वरूप श्री राधा रानी जी की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति व समृद्धि का संचार हो, यही प्रार्थना है।जय श्री राधे ! उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, पावन पर्व राधा अष्टमी की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों को अनंत शुभकामनाएं ! मौर्य ने कहा, प्रेम, भक्ति और करुणा की अविनाशी ज्योति श्री राधारानी जी के चरणों में कोटि कोटि नमन। उनकी कृपा से हम सभी के जीवन में शांति, सुख एवं समृद्धि का प्रवाह बना रहे। जय श्री राधे ! उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक्स पर पोस्ट में कहा, आप सभी को पावन पर्व राधा अष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। अधिकारियों के अनुसार मथुरा बरसाना स्थित श्री राधारानी मंदिर में 30 अगस्त से शुरू हुए इस दो दिवसीय उत्सव में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पर्व का मुख्य आयोजन आज सुबह से ही शुरू हो गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में मानसून के कहर से हुई तबाही पर दुख जताया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश भर में लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने इस प्राकृतिक आपदा के दौरान हुई जान-माल और बुनियादी ढाँचे के नुकसान पर दुख व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ₹इस मानसून के मौसम में, प्राकृतिक आपदाएँ देश की परीक्षा ले रही हैं। पिछले कुछ हफ़्तों में हमने बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही देखी है। घर तबाह हो गए, खेत जलमग्न हो गए, पूरे परिवार बर्बाद हो गए। पानी के लगातार बढ़ते प्रवाह ने पुल-सड़कें बहा दीं और लोगों की जान खतरे में पड़ गई। इन घटनाओं ने हर भारतीय को दुखी किया है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनका दर्द हम सभी साझा करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भूस्खलन और बादल फटने के दौरान हुई तबाही के बीच बचाव अभियान के दौरान एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने संकट के समय में स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकताओं के प्रयासों की भी सराहना की।

उन्होंने कहा, जहाँ भी संकट आया, हमारे एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के जवानों और अन्य सुरक्षा बलों ने लोगों को बचाने के लिए दिन-रात काम किया। जवानों ने तकनीक की भी मदद ली। थर्मल कैमरों, लाइव डिटेक्टरों, खोजी कुत्तों और ड्रोन निगरानी की मदद से राहत कार्यों में तेजी लाने की कोशिश की गई। इस दौरान हेलीकॉप्टरों से राहत सामग्री पहुँचाई गई और घायलों को एयरलिफ्ट किया गया। आपदा के समय सशस्त्र बल मदद के लिए आगे आए। स्थानीय लोगों, समाजसेवियों, डॉक्टरों, प्रशासन - सभी ने संकट की इस घड़ी में हर संभव प्रयास किया। मैं ऐसे हर नागरिक का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस कठिन समय में मानवता को प्राथमिकता दी।

मानसून के प्रकोप और तबाही का ज़िक्र करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर की दो बड़ी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिन पर बहुत से लोग ध्यान नहीं दे पाए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पुलवामा में पहला डे-नाइट क्रिकेट मैच हुआ, जिसने लोगों को आकर्षित किया। उन्होंने कहा, ₹बाढ़ और बारिश से हुई इस तबाही के बीच, जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत ही विशेष उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं। इन पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं गया। लेकिन आपको उन उपलब्धियों के बारे में जानकर खुशी होगी। पुलवामा के एक स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में लोग इकट्ठा हुए। पुलवामा का पहला डे-नाइट क्रिकेट मैच यहीं खेला गया।

| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

| बाजार | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

# अमित शाह ने अहमदाबाद में शहरी स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया

### पौधारोपण अभियान में भाग लिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां पौधारोपण अभियान में भाग लिया और शहरी स्वास्थ्य केंद्र का भी उद्घाटन किया। शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद के घाटलोदिया वार्ड में एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत पौधारोपण अभियान का नेतृत्व किया। यह अभियान लोगों को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह कार्यक्रम अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) द्वारा आयुष्मान वन में आयोजित किया गया। वहीं, एक अन्य कार्यक्रम में शाह ने अहमदाबाद के गोटा वार्ड में 3.84 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एक शहरी स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। इस संबंध में जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि यह केंद्र आयुष्मान भारत के तहत पीएमजेएवाई (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) कार्ड, आभा कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना के साथ-साथ अन्य सभी स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, यह गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और महिलाओं के रोगों के निदान, उपचार सेवाओं की सुविधा भी प्रदान करेगा। विज्ञप्ति में कहा गया कि नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच, निदान, उपचार सेवाएं तथा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध होंगी।

# चीनी सामान से बढ़ा देश का आर्थिक संकट, भाजपा की आत्मनिर्भरता खोखली : अखिलेश यादव

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को कहा कि चीन से आने वाले सामानों पर भारत की निर्भरता लगातार बढ़ रही है, जिसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के घटते कारोबार पर पड़ रहा है। सपा प्रमुख यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, यही है तथाकथित आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का चिंताजनक सच।

उन्होंने इसे विस्तार से समझाते हुए कहा, चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है। यादव ने आगाह करते हुए कहा, भाजपा चीनी चाल की क्रोनोलॉजी समझे। उन्होंने आगे कहा, पहले चीन अपना माल भारत के बाजारों में भर देगा जिससे चीन पर निर्भरता इतनी बढ़ जाएगी कि उनकी हर गलत हरकत को नजरअंदाज करने के लिए भाजपाई मजबूर हो जाएंगे।

यादव ने दावा किया, उसके बाद चीन हमारे उत्पादों और उद्योगों को धीरे-धीरे बंद करवाने के कगार तक ले जाएगा और उसके बाद मनमाने दाम पर हर चीज की आपूर्ति करेगा। उसके बाद महंगाई-बेरोजगारी बढ़ाएगा। भविष्य के खतरों को लेकर उन्होंने आगाह किया, जब महंगाई और बेरोजगारी ज्यादा होगी तो सरकार के खिलाफ जनता का आक्रोश भी बढ़ेगा और बिना बहुमत की भाजपा की सरकार और भी कमजोर होकर लड़खड़ा जाएगी। सपा प्रमुख ने कहा, फिर खुद ही लड़खड़ाती भाजपा सरकार चीन के अतिक्रमण को चुनौती नहीं दे पाएगी... उसके बाद हमारी जमीन पर चीन अपना कब्जा और बढ़ाएगा।... इसके बाद भाजपा दोहराएगी कि न कोईङ्क न कोईङ्क! यादव ने कहा, अगर ये बात ड्रोनवालों को समझ नहीं आ रही है तो उत्तर प्रदेश में विराजमान बुलडोजर वाले प्रवासी जी ही ये सच्चाई समझकर जवाब दें कि चीन ने हमारी कितनी जमीन हड़प ली है, क्योंकि उनका मूल निवास स्थान भी चीन के कब्जे का शिकार हुआ है।

सपा अध्यक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा, भाजपाई बस देश का क्षेत्रफल बता दें, मतलब ये बता दें कि भाजपा सरकार के आने के समय देश की कुल भूमि जितनी थी, क्या अब भी उतनी ही है या चीनी कब्जे के बाद घट गई है। उन्होंने कहा, दिल्ली वाले न सही, तो लखनऊ वाले पलायन स्पेशलिस्ट ही बता दें कि हमारी कितनी जमीन का पलायन हो गया है, वैसे जनता बखूबी समझती है कि जमीन का पलायन कभी होता नहीं है, जो जमीन चली जाए वो कहीं और चलकर नहीं आती।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में चार करोड़ रुपये से अधिक कीमत की हेरोइन बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली पुलिस ने रविवार को दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर चार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन बरामद की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने 29 अगस्त को दो चरणों में चलाए गए अभियान में लगभग 1.012 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले जहांगीरपुरी निवासी अफसाना (23) को भलस्वा डेयरी इलाके में गिरफ्तार किया गया और उसके पास से लगभग 300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान अफसाना ने उस व्यक्ति का नाम उजागर किया जिसने उसे हेरोइन दी थी। अधिकारी ने बताया कि इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर बुराड़ी इलाके से नरेंद्र (37) और उसकी पत्नी ज्योति (35) को गिरफ्तार किया। नरेंद्र को बुराड़ी स्थित परिवहन प्राधिकरण कार्यालय के पास से पकड़ा गया, जबकि ज्योति को उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि बुराड़ी स्थित उनके फ्लैट की तलाशी में कई जगहों पर छिपाकर रखी गई 712 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, जब्त किए गए मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। उसने यह भी बताया कि मादक पदार्थ कहां से लिया गया, इसका पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# भगोड़ा घोषित आरोपी अग्रिम जमानत पाने का हकदार नहीं : इलाहाबाद उच्च न्यायालय

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि जिस आरोपी के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 82 (भगोड़ा घोषित) के तहत नोटिस जारी किया गया है और फरार है, वह अग्रिम जमानत पाने का हकदार नहीं है। इस टिप्पणी के साथ, न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने कानपुर नगर परिषद के सदस्य प्रदीप मिश्रा की अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी। मिश्रा पर फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके संपत्ति बैनामा करने वालों के जाली हस्ताक्षर करने और लेखपाल की रिपोर्ट का सत्यापन करने में शामिल होने का आरोप है।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मिश्रा की इसमें कोई भूमिका नहीं है और वह निर्दोष है। उसने अपने रिश्ते के भाइयों- विपिन मिश्रा और अमित मिश्रा के हस्ताक्षरों की केवल पुष्टि की थी। उन्होंने कहा कि इस अपराध में शामिल होने का उसके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है और वह जांच में सहयोग करेगा।

उन्होंने कहा कि उसे गिरफ्तार किया जा सकता है, इसलिए उसे राहत दी जानी चाहिए। वहीं, शिकायतकर्ता के वकील ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता फरार है और उसके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही तक शुरू की जा चुकी है। ऐसी स्थिति में फरार आरोपी अग्रिम जमानत पाने का हकदार नहीं है। अदालत ने कानूनी पहलुओं और तथ्यों पर विचार करने के बाद याचिकाकर्ता को अग्रिम जमानत देने से मना कर दिया।

## असम राइफल्स ने मिजोरम के चम्फाई में आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद बरामद किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, असम राइफल्स ने मिजोरम के चम्फाई जिले में एक अभियान के दौरान भारी मात्रा में आग्नेयास्त्र, गोला-बारूद और युद्ध से संबंधित सामग्री जब्त की। असम राइफल्स ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए अर्धसैनिक बल ने 29 अगस्त को चम्फाई जिले के सैकुम्फई गांव में तलाशी अभियान चलाया और एक मकान को घेर लिया। अर्धसैनिक बल ने बयान में कहा कि तलाशी अभियान के दौरान टीम ने शुरूआत में मकान से 12 बोर की एक राइफल, एक पिस्तौल, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए। असम राइफल्स की टीम ने मकान के पास के जंगल में अपनी तलाशीजारी रखी और एक छिपे हुए भंडार का पता लगाया जिसमें बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और युद्ध संबंधी अन्य सामग्री थी। बयान में कहा गया कि इस जखीरे में एक हेकलर और कोच जी3 असॉल्ट राइफल, दो स्प्रिंगफील्ड स्नाइपर राइफल, दो शॉटगन, एक एमए असॉल्ट राइफल और दो हैंड ग्रेनेड शामिल हैं।

# पंजाब में बाढ़ का कहर जारी! व्यास समेत नदियाँ उफान पर, 24 की मौत

### लाखों एकड़ फसल तबाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, पंजाब में रविवार को बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई, क्योंकि कई ज़िलों में लगातार बारिश हो रही है और घग्गर व व्यास नदियाँ उफान पर हैं। पंजाब में बाढ़ से अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य के नौ जिलों में रावी, ब्यास और सतलुज नदियों के उफान के कारण 1,018 गाँव प्रभावित हुए हैं और 1.51 लाख एकड़ (61,273 हेक्टेयर) में खड़ी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। फसलों के नुकसान और पशुओं की मौत के कारण राज्य को भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। जिला मुख्यालयों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, फाजिल्का में 16,632 हेक्टेयर, फिरोजपुर में 10,806 हेक्टेयर, कपूरथला में 11,620 हेक्टेयर, पठानकोट में 7,000 हेक्टेयर, तरनतारन में 9,928 हेक्टेयर और होशियारपुर में 5,287 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। पंजाब में कपूरथला जिला प्रशासन ने सुल्तानपुर लोधी क्षेत्र के लोगों से लगातार बारिश के बाद ब्यास नदी में जलस्तर बढ़ने के मद्देनजर रविवार को अलर्ट जारी कर सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कपूरथला के उपायुक्त अमित कुमार पांचाल ने बताया कि भारी बारिश के कारण ब्यास नदी का जलस्तर 2.35 लाख क्यूसेक तक बढ़ गया है और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया गया है। मौसम विभाग ने कपूरथला जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पांचाल ने कहा कि लोगों की जान बचाना प्रशासन की प्राथमिकता है इसलिए प्रभावित इलाकों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सेना और राज्य आपदा मोचन बल के दल लोगों को सुरक्षित स्थानों पर लगातार पहुंचा रहे हैं।

## आंध्र प्रदेश: ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से नाबालिग समेत चार लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गोदावरी, आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के नरसापुरम मंडल में रविवार को गणेश शोभयात्रा के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से एक नाबालिग समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टर ट्रॉली में रखी गणेश प्रतिमाएं स्थानीय लोगों की थीं। अधिकारी ने ह्यपीटीआई-भाषाह्ल को बताया, ह्लनरसापुरम मंडल में गणेश शोभायात्रा के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक नाबालिग समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल हो गया और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।ह्व अधिकारी ने बताया कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# उच्चतम न्यायालय 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री से संबंधित याचिका पर आज सुनवाई करेगा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी-20) को देश भर में लागू करने को चुनौती दी गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि लाखों वाहन मालिकों को ऐसा ईंधन इस्तेमाल करने के लिए मजबूर किया जा रहा है जो उनके वाहनों के अनुरूप नहीं है। यह जनहित याचिका प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष एक सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। अधिवक्ता अक्षय मल्होत्रा द्वारा दायर याचिका में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि सभी पेट्रोल पंपों पर इथेनॉल मुक्त पेट्रोल उपलब्ध कराया जाए। इसमें यह भी अनुरोध किया गया है कि सभी पेट्रोल पंपों और वितरण इकाइयों पर अनिवार्य रूप से इथेनॉल की मात्रा को दिखाने वाला लेबल लगाया जाए ताकि उपभोक्ताओं को साफ-साफ पता चले। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि ईंधन भरते समय उपभोक्ताओं को उनके वाहनों की इथेनॉल अनुकूलता के बारे में सूचित किया जाए।

## संक्षेप

### लखनऊ में बड़ा हादसाः पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, दो की मौत और पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गुडंबा के बेहटा इलाके में एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार की सुबह विस्फोट हो गया। घटना से आसपास के इलाके में अफरा तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक हादसे में दो लोगों की मौत हुई है जबकि पांच लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद दमकल की आधा दर्जन गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गई हैं। पुलिस की कई टीम मौके पर हैं। उच्चाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। घटना को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक विस्फोट में फैक्ट्री के अंदर आलम, आलम की पत्नी और उनके दो बेटे काम कर रहे थे। अन्य के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। फैक्ट्री में विस्फोट होने से छत भी ढह गई है। अंदर मलबे में कई लोग फंसे हैं। उन्हें निकालने के प्रयास जारी हैं। राज्य आपदा मोचन बल को भी सूचना दी गई है। राहत और बचाव कार्य में टीम लगी हैं। जिलाधिकारी ने दो के मरने और पांच के घायल होने की पुष्टि की है

### बाइकबोट घोटाले में ईडी का शिकंजा, 394.42 करोड़ की संपत्ति हुई कुर्क

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाइकबोट घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोपितों की 394.42 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जिन संपत्तियों को कुर्क किया है, उनमें कामाख्या एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, कामाख्या एजुकेशनल सोसाइटी, गुरु नानक चैरिटेबल ट्रस्ट, अल्पाइन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी, एपी गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट और मीना आनंद की संपत्तियां शामिल हैं। बाइकबोट घोटाले को लेकर ईडी की अभी तक की जांच में यह बात उजागर हुई है कि जीआइपीएल और उसके प्रमोटर संजय भाटी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बाइकबोट नाम से बाइक टैक्सी सेवा की आड़ में आकर्षक निवेश योजनाओं लाई गई।

# डॉ. राजेश्वर सिंह का 133वाँ जन संवाद शिविर : आंखों में रोशनी, जीवन में उजाला

## आपका विधायक-आपके द्वारः डॉ. राजेश्वर सिंह का जनसेवा, जनसंवाद और जनसम्मान का 133वां संकल्प

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।सरोजनीनगर विधानसभा के ग्राम पंचायत ऐन के मजरा कन्नीखेड़ा में रविवार को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने दिल के करीब अभियान 'आपका विधायक-आपके द्वार' का 133वां अध्याय लिखा। उनका सपना है कि सरकार की हर कल्याणकारी योजना ग्रामीणों के द्वार तक पहुंचे, हर दिल की पुकार सुनी जाए और हर जरूरतमंद को सम्मान के साथ सहारा मिले। इसी संकल्प के साथ शुरू हुआ यह अभियान आज ग्रामीणों के लिए उम्मीद की किरण बन चुका है।

### जनसेवा का संकल्प : हर ग्रामीण की पुकार का समाधान

डॉ. राजेश्वर सिंह का मानना है कि जनसेवा तब सार्थक होती है, जब हर ग्रामीण का दुख-दर्द सुनकर उसका समाधान उनके द्वार तक पहुंचे। इस शिविर में 52 ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और त्वरित समाधान का प्रयास किया गया। साथ ही, 12 ग्रामवासियों के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए, ताकि उन्हें भविष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। यह छोटा-सा प्रयास ग्रामीणों के लिए एक नई उम्मीद और विश्वास का प्रतीक बन गया।

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण : आंखों में रोशनी, जीवन में उजाला

डॉ. राजेश्वर सिंह ने जब देखा कि कई ग्रामीण टूटे चश्मों के साथ या आंखों की जांच के अभाव में परेशान हैं, तो उनके मन में एक नया संकल्प जागा। उन्होंने सन आई हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की शुरूआत की। इस शिविर में 85 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई और 50 जरूरतमंदों को निःशुल्क




चश्मे प्रदान किए गए। ये चश्मे न केवल उनकी आंखों को रोशनी देंगे, बल्कि उनके जीवन में भी नया उजाला लाएंगे। यह पहल ग्रामीणों के लिए एक भावनात्मक उपहार बन गई, जिसने उनके चेहरों पर मुस्कान और मन में विश्वास भरा।

### गांव की शान : मेधावियों का सम्मान, प्रेरणा का संदेश

डॉ. राजेश्वर सिंह का मानना है कि जब एक मेधावी विद्यार्थी सम्मानित होता है, तो वह न केवल अपने परिवार का गौरव बढ़ाता है, बल्कि पूरे गांव के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। गांव की शान पहल के तहत हाईस्कूल में अपूर्व पटेल (92%) और पूर्वा पटेल (80%) तथा इंटरमीडिएट में प्रिंस पटेल (83%) और अदिति पटेल (82%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन बच्चों की चमकती आंखों और गर्व भरे चेहरों ने पूरे गांव को शिक्षा के प्रति और प्रेरित किया। यह सम्मान नन्हे सितारों के लिए एक प्रोत्साहन है, जो भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने का हौसला देगा।

### युवाओं को सशक्तिकरण : खेल और उत्साह की नई शुरूआत

ग्रामीण युवाओं के सपनों को पंख देने के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह ने 143वां यूथ क्लब (लड़के) और 83वां यूथ क्लब (लड़कियां) का गठन किया। इन क्लबों को वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट और कैरम जैसे खेल संसाधन उपलब्ध कराए गए। यह पहल न केवल युवाओं को खेल के मैदान में जोड़ेगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामूहिकता को भी मजबूत करेगी। डॉ. सिंह का मानना है कि खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का आधार है।

### प्रबुद्धजनों का सम्मान : गांव की नींव को नमन

गांव की ताकत उसके प्रबुद्धजनों में बसती है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने गोपी चंद्र, सूर्य प्रकाश, उमा शंकर कनौजिया, सिद्धेश्वर, कामता प्रसाद, प्रेम कुमार, शिव कुमार, राम प्रकाश, बृजेश कुमार, राम प्रसाद, नीरज पटेल, सर्वेश, मोहन लाल, राजाराम और साधु सिंह जैसे प्रबुद्धजनों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान न केवल उनकी जीवन यात्रा का आदर है, बल्कि गांव की एकता और संस्कृति को मजबूत करने का एक भावनात्मक प्रयास है।

### जनसेवा का संकल्प : एक नया विश्वास

इस शिविर में मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह, ग्राम प्रधान सरोजनी देवी, प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, बूथ अध्यक्ष विनय पटेल, प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह आयोजन केवल एक शिविर नहीं, बल्कि ग्रामीणों के साथ एक भावनात्मक रिश्ता जोड़ने का प्रयास था। डॉ. राजेश्वर सिंह का यह संकल्प कि 'हर ग्रामीण का जीवन बेहतर हो, हर घर में खुशहाली आए', कन्नीखेड़ा के इस शिविर में साकार होता दिखा।

'आपका विधायक-आपके द्वार' अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि ग्रामीणों के दिलों में बसी एक उम्मीद, एक विश्वास और एक नई सुबह का प्रतीक बन चुका है।

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आरटीओ आफिस वाहन हस्तांतरण कराने पहुंचा युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शनिवार को वाहन हस्तांतरण कराने सरोजनीनगर स्थित आरटीओ आफिस पहुंचा एक युवक पकड़ा गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ उसे गिरफ्तार का रविवार को आरोपी को जेल भेज दिया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह के मुताबिक बाइक (यूपी32 एफएम 6632) ओमप्रकाश पुत्र स्व. गया प्रसाद, निवासी ईश्वरी खेड़ा, नगराम के नाम पंजीकृत है। इसके हस्तांतरण के लिए शनिवार को आरटीओ अफिस लखनऊ में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदनकर्ता ने वाहन स्वामी के नाम पर आधार कार्ड और अन्य प्रपत्र जमा किए। आरटीओ अधिकारियों को आधार कार्ड प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हुआ। तब संदेह के आधार पर जब आवेदक से कमरे में बुलाकर पूछताछ की गई तो पता चला कि उसका वास्तविक नाम देवानंद पुत्र



स्व. शिवमंगल निवासी सिकंदरपुर अमौलिया, थाना गोसाईगंज, लखनऊ है। अधिकारियों के मुताबिक देवानंद ने कथित रूप से वाहन स्वामी ओमप्रकाश के नाम से कूटरचित आधार कार्ड तैयार कराकर धोखाधड़ी के जरिए वाहन अपने नाम स्थानांतरित कराने की कोशिश की थी। यह जानकारी होते ही आरटीओ ऑफिस के कर्मचारियों ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) प्रदीप कुमार सिंह को इसकी जानकारी दी। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस ने आरोपी देवानंद को हिरासत में ले लिया। इस मामले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश पर आरटीओ के वरिष्ठ सहायक श्रवण कुमार सिंह ने आरोपी के खिलाफ सरोजनी नगर पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रविवार को आरोपी को जेल भेज दिया।

# विमुक्त समाज के लिए विशेष बोर्ड का गठन स्वागत योग्य कदम

## कार्ययोजना बैठक में ऊर्जस्वी कुलश्रेष्ठ कुटुम्ब ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

### बैठक में दोहराया गया धर्म, राष्ट्र और समाज की रक्षा के प्रति समर्पण का संकल्प

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । 'ऊर्जस्वी कुलश्रेष्ठ कुटुम्ब' की रविवार को गोमती नगर में समीक्षा एवं कार्ययोजना की विशेष बैठक स्थानीय गोमती नगर हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से घुमंतू और विमुक्त जातियों के कल्याण हेतु विशेष बोर्ड गठित किए जाने के निर्णय का स्वागत किया गया। सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए आभार जताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस निर्णय से नट, बंजारा, बावरिया, सांसी, कंजर, कालबेलिया, सपेरा और जोगी जैसी जातियां देश की मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगी। सदस्यों ने कहा, 'यह वह वीर जातियां हैं जिन्होंने विदेशी हमलों के समय योद्धा के रूप में संघर्ष किया। इन जातियों ने कभी मुगलों के खिलाफ तो कभी अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस के साथ लड़ाई लड़ीं।'



समीक्षा एवं कार्ययोजना बैठक में इन विमुक्त जातियों के संरक्षण का भी कार्य ऊर्जस्वी कुटुंब का है, स्वीकारते हुए उनके सुख दुख और हितार्थ खड़े होने का भी संकल्प लिया गया। गत 23 अगस्त को सम्पन्न हुए 'ऊर्जस्वी कुलश्रेष्ठ कुटुम्ब परिवार स्नेह मिलन, सहभोज एवं सम्मान समारोह' को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान भावी कार्ययोजनाओं, कार्यक्रमों, अभियानों एवं अनुष्ठानों आदि पर व्यापक चर्चा हुई। कुल 17 सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण और सारगर्भित विचार साझा किए। कार्ययोजना बैठक में लिए गए 'संकल्प की सिद्धि' जल्द ही सबके सम्मुख होगी। सहभोज के साथ कार्ययोजना बैठक का विसर्जन हुआ। बैठक में जिन प्रस्तावों को सदन की स्वीकृति मिली उसमें वार्षिक समारोह प्रतिवर्ष 14 अगस्त को स्थापना दिवस के रूप में मनाए जाने, दीपोत्सव से पूर्व दीपावली मिलन का कार्यक्रम किए जाने, होलिकोत्सव के पश्चात होली मिलन कार्यक्रम किए जाने, सभी 18 मंडलों में मंडल स्तरीय कार्यक्रम किए जाने के साथ ही जल्द लखनऊ में 'अधिवक्ता समागम-2025' एवं 'शिक्षा समागम-2025' आयोजित करने का प्रस्ताव शामिल है।

समीक्षा एवं कार्ययोजना बैठक में वरिष्ठ पत्रकार पंकज कृष्ण सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह तोमर, अर्चना सिंह, विनीत सिंह बिसेन, शिव विजय सिंह, प्रदीप सिंह 'बब्बू', गौतम सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, शालिनी सिंह, रितेश सिंह, सौरभ सोमवंशी, शैलेन्द्र सिंह, विनीत सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, अश्वनी सिंह एवं डॉ.अतुल मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# घर में सेंध लगाकर चोरों ने नकदी व जेवरात किए पार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात चोरों ने एक घर पर धावा बोल दिया। चोर दीवार में सेंध लगाकर घर में दाखिल होकर घर से 10 हजार की नकदी समेत कुछ जेवर पार कर ले गए। सुबह घर के लोगों को जानकारी हुई। पीड़ित अखिलेश ने 112 पुलिस को सूचना दी है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम साहिलामऊ निवासी अखिलेश शनिवार रात घर के सभी लोग रोज की तरह खाना खाकर सो गए। देर रात उनके घर पर चोरों ने धावा बोल दिया। चोर कमरे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर दाखिल हो गए। समान व नगदी लेकर फरार हो गए। रात में किसी को घटना की भनक तक नहीं लगी। रविवार सुबह 6 बजे जब घर की महिलाएं सोकर उठी और कमरे में झाड़ू लगाने गयी तो देखा कि कमरे की दीवार में सेंध लगी थी। कमरे में रखे बक्से से 10 हजार नकदी सहित कुछ


दीवार में सेंध कर हुई चोरी - फोटो

जेवर भी गायब थे। इसकी कीमत हजारों में बताई जा रही है। महिलाओं ने घटना की जानकारी घरवालों को दी। सूचना पर आसपास के लोग भी जमा हो गए। पीड़ित ने पीआरवी पुलिस को सूचना दी है। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है।

# बिजली कंपनियों ने 33 हजार करोड़ रुपये बढ़ोत्तरी का दिया प्रस्ताव, विद्युत परिषद कर रहा विरोध

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। घरेलू बिजली दरों में 45 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का जो प्रस्ताव बिजली कंपनियों ने विद्युत नियामक आयोग को सौंपा है, उसमें कई झोल हैं। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद का दावा है कि इस बार भी बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का पैसा अधिक निकल रहा है। वर्तमान में उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33,122 करोड़ रुपये बकाया है। इन परिस्थितियों में बिजली दरों में बढ़ोतरी का कोई औचित्य नहीं बनता है। उपभोक्ता परिषद ने मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 के तहत बिजली कंपनियों द्वारा पेश किए गए सभी आंकड़ों का मिलान किया। इसमें साफ हुआ कि कंपनियों ने 2025-26 में 19,644 करोड़ का राजस्व अंतर (गैप) और 2023-24 में 4,378 करोड़ का गैप दिखाकर कुल 24,022



करोड़ का घाटा निकालते हुए बिजली दरें बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। प्रस्ताव के मुताबिक घरेलू उपभोक्ताओं पर 45 प्रतिशत और अन्य श्रेणियों में 28 प्रतिशत तक बोझ डालने की तैयारी है। परिषद ने दावा किया कि जब सभी आंकड़ों का गहन अध्ययन किया गया तो यह साफ हो गया कि बिजली कंपनियों का यह गैप काल्पनिक है। बिजली कंपनियां उपभोक्ता परिषद द्वारा दर्ज कराई गई 90 प्रतिशत आपत्तियों का जवाब ही नहीं दे पाईं। आयोग के समक्ष केवल गोलमोल औपचारिकताएं पूरी की गईं। विद्युत नियामक आयोग को इसे गंभीरता से लेते हुए बिजली कंपनियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि आयोग द्वारा नई बिजली दरों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही निर्णय आने की संभावना है। कंपनियों की ओर से पेश किया गया घाटा पूरी तरह से हवा-हवाई साबित होगा।

# लूट की योजना बना रहे गिरोह को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लूट और चोरी की योजना बना रहे चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से कई औजार बरामद कर भेजा जेल।

रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी के मुताबिक रविवार को पुलिस टीम नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र के रसूलाबाद में लखनऊ हरदोई हाईवे के किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में बैठ कर चार शातिर लूट और चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस को देखकर भागने लगे। इतने में पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अपने पास तमंचा, कारतूस और हथौड़ी, पेचकस, छैनी, रेती, ब्लेड और कई प्रकार की चाभियां सहित अन्य औजार बरामद किए।


पुलिस गिरफ्त में लूट की योजना बना रहा गिरोह

उनका इरादा दुकानों घरों में लूटपाट चोरी करना था। बताया कि आरोपियों की पहचान अतीक निवासी धौरा औरास उन्नाव, मतीन निवासी अहमदाबाद कटौली थाना रहीमाबाद, मारूफ, गुफरान तकिया थाना रहीमाबाद के रूप में हुई है। चारों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। लखनऊ न्यायालय से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इनमें से अतीक और गुफरान के खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में पहले से कई गम्भीर मुकदमे दर्ज हैं।

# शिक्षकों की तैनाती का होगा मूल्यांकन, बेसिक शिक्षा विभाग ने ग्रामीण से शहरी बने स्कूलों की मांगी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग ने उन विद्यालयों की रिपोर्ट मांगी है जो पहले ग्रामीण क्षेत्रों में थे लेकिन नगर विकास विभाग की अधिसूचना के बाद नगर निगम या नगर पालिका की सीमा में शामिल हो गए हैं। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे स्कूलों का पूरा ब्योरा तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराएं। इस रिपोर्ट में यह विवरण देना होगा कि नगर क्षेत्र में संचालित इन विद्यालयों में छात्रों की संख्या के अनुपात में कितने शिक्षक तैनात हैं। विभाग ने इसके लिए दो अलग-अलग प्रारूप भेजे हैं। एक में नगर क्षेत्र के संचालित विद्यालयों का



विवरण और दूसरे में हाल ही में नगर निगम सीमा में आए विद्यालयों का विवरण देना है। उल्लेखनीय है कि शासन ने 25 जून 2025 को आदेश जारी कर कहा था कि ग्रामीण क्षेत्र से नगर क्षेत्र में आए विद्यालयों को नगरीय संवर्ग में शामिल किया जाएगा। इसके लिए वर्ष 2000 और 2006 के शासनादेशों के प्रविधान लागू होंगे।

# आधार नंबर ने खोली जालसाज की पोल, पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ कार्यालय में वाहन हस्तांतरण कराने वाला व्यक्ति जालसाज है, यह असलियत आधार नंबर की वजह से सामने आई और फर्जी तरीके से वाहन की बिक्री नहीं हो सकी। यह खबर सभी वाहन स्वामियों के लिए अहम और उन्हें सचेत करने वाली है, क्योंकि यदि वाहन से आधार लिंक नहीं होता तो उसे पकड़ना काफी मुश्किल होता। पुलिस ने एफआइआर दर्ज करके जालसाज को जेल भेज दिया है लेकिन, इतने भर से निश्चिंत न हो जाएं। अपने वाहन को आधार से लिंक जरूर कीजिए।

### रोका जा सकता है फर्जी वाहन पंजीकरण

वाहन को आधार से लिंक करने से




डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस और फर्जी वाहन पंजीकरण को रोका जा सकता है। इससे धोखाधड़ी कम करने और वाहन चोरी या आपात स्थिति में मालिक की पहचान करने करने में मदद मिलती है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने ड्राइविंग लाइसेंस व पंजीकृत वाहन मालिकों के लिए मोबाइल नंबर व आधार अपडेट करने की सुविधा आनलाइन शुरू की है। अब इसके लिए आरटीओ कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है।

पोर्टल पर वाहन और सारथी नाम से दो क्यूआर कोड दिए गए हैं, पोर्टल पर सारथी क्यूआर कोड स्कैन करना होगा या संबंधित पेज पर जाना होगा। इसके बाद अपने ड्राइविंग लाइसेंस के साथ मांगी गई जानकारी को भरना होगा।

आपको अपनी जन्मतिथि, राज्य का नाम और कैप्चा कोड को सावधानी से भरना होगा। प्रक्रिया को पूरा करने के बाद नीचे दिखाई दे रही सबमिट बटन पर क्लिक करना होगा। एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया, इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद आपका मोबाइल नंबर और आधार आपके वाहन या ड्राइविंग लाइसेंस से लिंक हो जाएगा। इससे आपको भविष्य में किसी भी सरकारी अपडेट या नोटिस की जानकारी सीधे आपके मोबाइल पर आ जाएगी। वहीं, आरटीओ कार्यालय में शनिवार शाम को पटल संख्या आठ पर पकड़े गए देवानंद के विरुद्ध सरोजनी नगर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दिया है।

### बिक्री होने वाली बाइक की चोरी की आशंका

पुलिस व परिवहन विभाग को आशंका है कि जिस बाइक की बिक्री की जा रही थी, वह चोरी की है। विक्रेताओं के पास वाहन की आरसी आदि न होने से आशंका को बल मिल रहा है। बाइक चोरों का गिरोह इस खेल में शामिल हो सकता है। इस बिंदु की भी जांच हो रही है।

# बारिश से बिगड़े हालात, आवागमन बाधित

अमन लेखनी समाचार

सिढपुरा। रविवार को हुई झमाझम बारिश से जहां आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ तो वहीं थाना क्षेत्र के गांव भीकपुर में भी कई दलित बस्ती के घरों में पानी जमा हो गया जिससे लोगों को घर से निकलने में काफी समस्याएं उत्पन्न हुई आपको बता दें मुख्य खड़ंजे के किनारे बनी नालियों में पानी का निकास ठीक न होने के कारण घरों में पानी पहुंच रहा है। एक तरफ जहां दो पहिया वाहनों के फिसलने का डर है तो वही पैदल भी निकलना लोगों के लिए मुश्किल भरा काम है। पूरे गांव के पानी का निकास गांव की अनुसूचित जाति की बस्ती से होकर गुजरता है तो उन्हीं के घर में पानी घुस रहा है लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो रहे हैं। दलित बस्ती के लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि अगर पानी का निकास सही नहीं किया गया तो मजबूर होकर उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

# संक्षेप

## सैकड़ों मकानों के पास भरा बाढ़ का पानी पनप रही गंदगी

उन्नाव। गंगा का जलस्तर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। नदी का जलस्तर पहले 113 मीटर तक पहुंच गया था। इससे कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी भर गया था। गोताखोर, शाही नगर, मोहम्मद नगर, कर्बला, हुसैन नगर समेत कई इलाकों में अभी भी जलभराव की स्थिति है। सैकड़ों मकानों के आसपास बाढ़ का पानी रुका हुआ है। इससे गंदगी और काई का जमावड़ा हो गया है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, शुक्रवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 112.560 मीटर था। शनिवार शाम तक इसमें एक सेंटीमीटर की कमी आई। रविवार सुबह यह फिर बढ़कर 112.570 मीटर हो गया। स्थानीय लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। गलियों में बदबू फैल रही है। मच्छरों की संख्या बढ़ने से डेंगू और मलेरिया का खतरा है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। लोगों ने प्रशासन से जलभराव दूर करने और सफाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो लोग बीमार पड़ सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जलस्तर में गिरावट जारी रहेगी। लेकिन प्रभावित क्षेत्रों से पानी निकालना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है।

## डंपर से टकराए बाइक सवार एक की मौत, साथी घायल

उन्नाव। थाना अजगैन क्षेत के लखनऊ-कानपुर हाइवे पर दुर्गा मंदिर कट नवाबगंज के पास बीती देर रात करीब 11:40 बजे एक बाइक डंपर से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया मृतक शिवदत्त कुशवाहा 23 वर्ष अजगैन थाना क्षेत्र का रहने वाला था। घायल अभिषेक शुक्ला 35 वर्ष भी अजगैन के ही निवासी हैं। दोनों बाइक से पीएनबी कट से अजगैन की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक आगे चल रहे एक अज्ञात डंपर से टकरा गई। हादसे के बाद दोनों घायलों को एंबुलेंस से सीएससी नवाबगंज ले जाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजन अभिषेक को कानपुर मॉल रोड स्थित नॉर्थ स्टार हॉस्पिटल ले गए। डॉक्टरों ने कहा कि अगले 48 घंटे तक उनकी स्थिति के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। शिवदत्त कुशवाहा की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एनीमिया से पीड़ित महिला की हुई मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। 28 वर्षीय महिला की मौत के बाद निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगा है। एनीमिया से पीड़ित सोनी की तबीयत शुक्रवार देर रात अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे तकिया चौराहे स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। मृतका के पति अंबिका प्रसाद और पिता जगदीश का कहना है कि अस्पताल में न तो समय पर जांच हुई और न ही दवाएं दी गईं। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच की, लेकिन तब तक उसकी नाड़ी नहीं चल रही थी। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने महिला को रेफर करने की बात कही। लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि महिला की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। शुरूआत में परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बाद में वे बिना कोई लिखित शिकायत दिए शव लेकर चले गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर अग्रसर

**अमन लेखनी समाचार**

असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय जोरावरगंज में भारत को ओलंपिक में लगातार तीन स्वर्ण पदक दिलाने वाले हॉकी के जादूगर एवं देश के गौरव खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस से प्रेरित खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का उत्साहवर्धक भव्य आयोजन खेल प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के आमंत्रित प्रेरक खेल प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का शानदार अभिनंदन बच्चों के द्वारा स्काउट गाइड एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। खेल प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह एवं बच्चों के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं एआरपी टीम का बैज अलंकरण किया गया। इस अवसर पर असोहा को शैक्षिक उन्नयन के साथ-साथ, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में



अपने-अपने विद्यालयों के बच्चों की प्रतिभाओं को निखारकर विकासखंड से लेकर जनपद स्तर तक अनूठी, गौरवपूर्ण पहचान एवं सम्मान दिलाने वाले प्रेरक खेल प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय में बच्चों के बीच विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और उन्हें सम्मानित व पुरुस्कृत करते हुए उनकी हौसला-अफजाई की गई। असोहा के खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विशेष योगदान देने वाली शिक्षिका मोहिनी पटेल एवं खेल प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय अभूषा से विनोद, बचरौली से विजय सिंह, मेदपुर से अनुराग बटलर, बरवा खुर्द से रामकरन मौर्य, सेमरी से माया सिंह, ओगरापुर से शशि श्रीवास्तव, कंचनपुर से त्रिभुवन, मंगत खेड़ा से अखिलेश, असोहा से सुशील, सेमरी से धनंजय, सहरावां से सचिन, पिपरी से मुकेश एवं पहासा से रेनू को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इसी के साथ पूर्व एवं वर्तमान एआरपी प्रवीण कुमार, संतोष श्रीवास्तव, मनोज पटेल, रणजंय प्रताप सिंह, मुकेश शुक्ल, अजीत सिंह एवं जितेंद्र श्रीवास्तव का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम मिशन के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। मोहिनी पटेल एवं बबिता द्वारा बनाई गई रंगोली एवं सेल्फी प्वाइंट, बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मनमोहक खूबसूरत सांस्कृतिक झलकियाँ कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रहीं। एआरपी मनोज पटेल ने बताया कि शालीनता, नवीनता, नैतिकता, मेहनत, ईमानदारी और मजबूत इरादों से लबरेज ये प्यारे-प्यारे बच्चे, अवश्य ही एक सुंदर-सशक्त देश-समाज का प्रेरक का आधार बनेंगे। खेल प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मानसिक एवं शारीरिक उन्नति के लिए उत्तम शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए आगे बढ़ना, अत्यंत आवश्यक है। बच्चे देश का भविष्य हैं इस भव्य कार्यक्रम में नीरज पटेल, वीरेंद्र मिश्र, अतुल साहू, ललित, उत्कर्ष, राजदीप भटनागर, महेंद्र प्रताप सिंह, अमोल, विनीता आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी मनोज पटेल द्वारा किया गया।

# जिला एवम तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का किया गया गठन

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा की परिचय बैठक में संगठन को प्रभावी बनाने के लिए जिला एवम तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित हुए। ब्रह्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्याम तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर भगवान परशुराम प्रतिमा पर माल्यार्पण लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम तिवारी ने अहवाह्न करते हुए कहाकि ब्राह्मण समाज अगर सृजन कर्ता रहा है हम किसी भी वर्ग विशेष पर टिका टिप्पणी नहीं करते। लेकिन हमे जो छेड़ता है उसे हम छोड़ते नही। हमने सत्ता संचालन में सहयोग किया है जिससे समता और समरसता का भाव समाज में बने । उन्होंने कहा जहा ब्राह्मणों का चरणोदक नही होता जहा वेद शास्त्र की गर्जना नही होती जहा स्वाहा स्वधा स्वस्ति वाचन और मंगल गान नही होता वो परिवार संस्कार विहीन हो जाते है इसलिए परिवार के बच्चो को शिक्षा और संस्कार के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पी एन तिवारी ने कहा जो समाज संगठित होकर चलता है उसकी अपनी पहचान होती है इसलिए राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा के विचारो को अपनाने की जरूरत है। बैठक को अजय द्विवेदी अनुज शुक्ला ओमकृष्ण शुक्ला संतोष अवस्थी झीतिज बाजपेई अमित भारद्वाज ने संबोधित करते हुए संगठन को उन्नाव जनपद में मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में कृपा शंकर बाजपेई प्रमोद दीक्षित तथा शंकरदयाल द्विवेदी को जिला संरक्षक एवम लाला त्रिपाठी को जिला जिलाध्यक्ष , ओम कृष्ण शुक्ला ,योगेश त्रिवेदी संतोष अवस्थी तथा संजय त्रिवेदी को जिला उपाध्यक्ष प्रवीण शुक्ला पत्रकार को जिला सचिव संगठन। विनीत शुक्ला गोलू तहसील अध्यक्ष पुरवा। संतोष अवस्थी तहसील अध्यक्ष उन्नाव। संजीव मिश्रा तहसील अध्यक्ष बीघापुर एवम ब्रजेश दीक्षित को महा सचिव बीघापुर बनाया गया। कार्यक्रम मीनल शुक्ला ओम प्रकाश तिवारी बालक राम तिवारी उत्तम अवस्थी प्रमोद त्रिपाठी भीम त्रिपाठी पत्रकार भानू तिवारी डा सैलेश पांडेय धनंजय द्विवेदी अविनाश अवस्थी जिला अध्यक्ष रायबरेली जिला उपाध्यक्ष हरीश शुक्ला संजय तिवारी विनय मिश्रा उपस्थित थेकार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर दयाल द्विवेदी तथा संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र द्विवेदी ने किया।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। बक्सर मार्ग पर बिहार थाना क्षेत्र के मुडियनखेडा के पास बाइक सवार अधेड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस उसे सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायी जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



बिहार थाना क्षेत्र के मुडियनखेडा निवासी रामबिलास (52) पुत्र बदलू रैदास रविवार की शायं करीब चार बजे खाद लेने के लिए निकला था। तभी गांव से सुमेरपुर बक्सर मार्ग पर चढते ही अज्ञात डम्पर ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायी जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने परिवार के साथ कानपुर में रहता है। वहीं एक पेट्रोल पंप पर नौकरी करपरिवार का पालन पोषण करता था। रविवार को वह छुट्टी मिलने पर गांव अपने खेतों में खाद डालने आया था। मृतक रामबिलास के दो बेटे रोशन, गुलशन व एक ग्यारह वर्षीय बेटी मीनाक्षी है। मृतक की मौत पर पत्नी अनीता का रोरोकर बुरा हाल है।

# अमेरिका ने चमड़े से बने उत्पादों पर बढ़ाया आयात शुल्क

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। अमेरिका द्वारा चमड़े और चमड़े से बने उत्पादों पर आयात शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने से कानपुर-उन्नाव का लेदर क्लस्टर संकट में है। यह क्लस्टर दशकों से देश की औद्योगिक पहचान रहा है। कानपुर-उन्नाव से प्रति वर्ष अमेरिका को लगभग दो हजार करोड़ रुपये का लेदर निर्यात होता है। यह भारत-अमेरिका लेदर व्यापार का करीब 20 प्रतिशत है। इस क्षेत्र में 400 टैनरीज और 500 लेदर गुड्स यूनिट्स हैं। इनसे प्रत्यक्ष रूप से एक लाख और अप्रत्यक्ष रूप से पांच लाख लोगों को रोजगार मिलता है। काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स के आंकड़े चिंताजनक हैं। भारत का अमेरिका को निर्यात 2022-23 में 1.17 अरब डॉलर था। यह 2023-24 में घटकर 89 करोड़ डॉलर रह गया। बढ़े हुए शुल्क से निर्यात और कम होने की आशंका है। स्थानीय उद्यमी फरहा फातिमा के अनुसार, यह उद्योग पहले से ही कम मार्जिन पर काम कर रहा है। काउंसिल के क्षेत्रीय चेयरमैन असद इराकी ने इस शुल्क को असहनीय बताया है। मजदूरों की स्थिति भी चिंताजनक है। श्रवण कुमार और उनकी पत्नी लक्ष्मी एक लेदर यूनिट में काम करते हैं। उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा की चिंता है। 2014 से इस उद्योग में कार्यरत सचिन कुमार को बेरोजगारी का डर सता रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत को अब अमेरिका के अलावा रूस, यूरोप और मध्य एशिया जैसे नए बाजारों की ओर रुख करना होगा। पाकिस्तान और बांग्लादेश को अमेरिकी बाजार में केवल 19-20 प्रतिशत शुल्क देना पड़ता है, जिससे भारतीय उत्पाद प्रतिस्पर्धा में पिछड़ रहे हैं। चेन्नई के लेदर सेक्टर स्किल काउंसिल के चेयरमैन मुख्तारुल अमीन का कहना है कि यह लेबर इंटेंसिव उद्योग है, जिससे करीब पांच लाख लोगों का रोजगार जुड़ा है। उनके मुताबिक, ब्रिटेन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) से भविष्य में कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन फिलहाल अमेरिकी टैरिफ ने कानपुर-उन्नाव के इस ऐतिहासिक उद्योग को संकट में डाल दिया है।

# फांसी लगाकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के सुन्दरपुर गांव निवासी मनोज यादव का 22 वर्षीय पुत्र विशाल यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली रविवार को विशाल के चाचा पंकज यादव ने थाना अजगैन पहुंचकर घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि विशाल ने घर की छत पर साड़ी से फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार विशाल एक साधारण किसान परिवार से था। उसके पिता मनोज यादव खेती-किसानी करते हैं। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना प्रभारी अजगैन ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के परिवार से पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि कहीं कोई दबाव या विवाद तो नहीं था।



पुलिस के अनुसार प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी। इसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पास्को एक्ट के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में युवक के खिलाफ पंजीकृत रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने युवक को नेशनल हाईवे से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष किया पेशे कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र की पुलिस ग्रस्त के दौरान थाना बारासगवर क्षेत्र के




ग्राम करनाई पुर निवासी शिवम पुत्र रामकुमार आयु लगभग 20 वर्ष के खिलाफ पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में पंजीकृत मुकदमे को लेकर गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने ओसियां मोड नेशनल हाईवे 31 से गिरफ्तार कर लिया वही गिरफ्तार के बाद संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# जल्द शुरू होगा नए पुल का निर्माण कई घर वाले होंगे बेघर

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। गंगा नदी पर नए पुल का निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। पुराने क्षतिग्रस्त पुल से 50 मीटर की दूरी पर 235 करोड़ रुपये की लागत से यह पुल बनेगा। राज्य सेतु निगम की टीम ने स्थलीय सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। सर्वेक्षण में 47 मकान पुल निर्माण क्षेत्र में आए हैं। कानपुर से आई राज्य सेतु निगम के जूनियर इंजीनियर कुंदन और क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी की टीम ने सर्वे किया। टीम ने प्रभावित मकान मालिकों को दस्तावेज जमा करने को कहा। लेकिन कोई भी व्यक्ति दस्तावेज लेकर नहीं पहुंचा। प्रस्तावित पुल की लंबाई 1196 मीटर होगी। निर्माण कार्य सितंबर से कानपुर की तरफ से शुरू होगा। इस पुल से कानपुर और उन्नाव के बीच आवागमन आसान होगा। साथ ही दोनों शहरों के बीच आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। जिन मकानों को हटाना है, उनके मालिक चिंतित हैं। कई परिवार पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं। उन्हें घर छोड़ने में परेशानी होगी। लेखपाल ने कहा कि मकान मालिकों को दस्तावेज जमा करने का मौका दिया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट जिलाधिकारी और प्रोजेक्ट मैनेजर बी. के. सेन को सौंपी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर छात्रा ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। नगर पंचायत भगवंत नगर में रहने वाले आरआरबीएन इंटर कॉलेज भगवंतनगर के पूर्व प्रधानाचार्य महेश चंद्र गुप्ता की पुत्री सुषमा ओमर ने सी ए की परीक्षा उत्तीर्ण कर बैसवारे का नाम रोशन किया है। पूर्व प्रधानाचार्य महेश चंद्र गुप्ता की पुत्री सुषमा ओमर ने बताया कि मेरी प्राथमिक शिक्षा व इंटरमीडिएट शिक्षा आरआरबीएन इंटर कॉलेज भगवंतनगर से पूरी हुई। के आई टी कानपुर से बीटेक तथा नई दिल्ली से सी ए पूरा कर नई दिल्ली में ही स्थित इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट रीजनल काउंसिल के अंकुर गोयल के संरक्षण में ज्वाइन कर कार्य प्रारंभ कर दिया है। बड़ी बहन सुष्मिता , छोटी बहन श्वेता भी सी ए कर रही है। बेटा शाश्वत एम कॉम कर आगे की पढ़ाई कर रहा है। पिताजी के प्रधानाचार्य होने के चलते घर में शिक्षा का माहौल प्रारंभ से ही रहा जिससे शिक्षा मैं कठिनाई नहीं हुई। काफी समय तक भगवंतनगर से कानपुर प्रतिदिन आना जाना पड़ता था। बेटी का चयन होने पर उन्नाव




जनपद के भाजपा महामंत्री आशीष वाजपेई अटल ,नगर पंचायत अध्यक्ष बीघापुर प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई, कमलापति इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेंद्र दीक्षित, गोविंद नारायण सोनी, डॉक्टर गणेश नारायण शुक्ला ,डॉक्टर संदीप नारायण सोनी,दिवाकर सिंह, कुलदीप अग्निहोत्री,पूर्व प्रधानाचार्य रामेश्वर द्विवेदी ने बेटी की सफलता पर शुभकामनाएं दी है।

# चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर में चक्र मनोहर मिश्र बंधु चिकित्सा सेवा समिति द्वारा रविवार को सुबह 10:00 बजे लेकर शाम 4:00 बजे तक चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया गया, जिसमें अमेरिका से आए डॉक्टरो ने रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी। सेवा समिति द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में अमेरिका से आए डॉक्टर बेन जैनिलो, डॉक्टर सुनीता मिश्रा, डॉक्टर सिंधु तथा पुणे से आई वरिष्ठ चिकित्सक नेहा मिश्रा ने शिविर में आए लगभग 300 मरीजो का परीक्षण किया। चिकित्सा शिविर में जयराजमऊ, तेजसिंह खेड़ा, अलीपुर, निहाली खेड़ा ,भरतीपुर आदि गांव के लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। समिति के संयोजक एरिजोना यूनिवर्सिटी अमेरिका में साइक्लोजी विभाग के प्रमुख डॉक्टर शीतला प्रसाद मिश्र ने बताया कि रायपुर उनकी जन्म स्थली है । मेरे पूर्वजों द्वारा ही रायपुर में चक्र मनोहर मिश्र आयुर्वेदिक अस्पताल का पूर्व में निर्माण कराया गया है उनकी प्रेरणा लेकर यह शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आने वाले तीनों डॉक्टर बिना किसी शुल्क के अमेरिका से आकर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि वह प्रतिवर्ष और अधिक अमेरिका के डॉक्टर को लाकर क्षेत्र के लोगों की सेवा करे। अमेरिका से आए तीनों डॉक्टर ने कहा कि ग्रामीण अंचल में आकर लोगों की सेवा करने का उन्हें सुखद अनुभव हुआ। कार्यक्रम में अमेरिका से आए समिति के वरिष्ठ सचिव संदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष निशांत मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, सच्चू मिश्रा, रजनू, रितेश द्विवेदी, कमलेश बाजपेई, डॉक्टर नारायण प्रसाद द्विवेदी आदि रहे।

# मौनी बाबा आश्रम में गणेश महोत्सव का आयोजन, 2 सितंबर को होगा मूर्ति विसर्जन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक के ग्राम शंकरपुर सरांय स्थित मौनी बाबा आश्रम में गणेश महोत्सव चल रहा है। महोत्सव की शुरूआत 27 अगस्त को मूर्ति स्थापना के साथ हुई। आश्रम में प्रतिदिन सुबह-शाम आरती की जा रही है। रात में झांकियां सजाई जा रही हैं। महोत्सव में 1



सितंबर को भंडारे का आयोजन किया गया है। 2 सितंबर को गणेश प्रतिमा का विसर्जन होगा। ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार लोधी के नेतृत्व में विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। बैंड-बाजे के साथ पूरे गांव में शोभायात्रा होगी। कार्यक्रम में मनीष त्रिवेदी, दीपक कुमार, हीरेंद्र निगम, सुनील कुमार, राजेश निषाद, जगदीश निषाद, मनीराम निषाद समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुरुष मित्र के साथ युवती हुई लापता, पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात युवती अपने पुरुष मित्र के साथ निकल गयी सुबह घर से गायब होने पर परिजनों ने खोज बीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला तो पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि 18 साल की बेटी को गांव आए विनोद प्रजापति निवासी पनहरी थाना बरुहा सुमेर पुर जिला हमीरपुर का गांव आना जाना लगा रहता था इसी का फायदा उठा कर बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और मौके पाकर रात में लेकर कहीं चला गया आसपास खोज बीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला इस सम्बंध में थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय का कहना है कि पिता की तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# शारदा नहर के ब्रांच पुल की रेलिंग कई वर्षों से पड़ी टूटी

**अमन लेखनी समाचार**



बीघापुर, उन्नाव। रायबरेली की सीमा से निकला शारदा नहर ब्रांच में बने व्यस्त पुल की रेलिंग कई वर्षों से पड़ी है टूटीतहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन की सीमा से निकला शारदा नहर ब्रांच मलौना से अतरहर मार्ग के सामने बने पुल की रेलिंग कई वर्षों से टूटी पड़ी है उन्नाव से रायबरेली आने जाने वाले सैकड़ो गांव के लोगों का आना-जाना 24 घंटे बना रहता है जिसमें साइकिल से लेकर चार पहिया वाहन से नौकरी पेसे वाले स्कूली बच्चों सहित अन्य ग्रामीण भी प्रतिदिन हजारों की संख्या में आते जाते हैं यह मार्ग अत्यधिक व्यस्त मार्ग है नहर विभाग के द्वारा जनप्रतिनिधियों के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे कभी भी किसी भी समय कोई अनहोनी घटना घटित हो सकती है ।

# ग्राम चौपाल का आयोजन, पुलिस व जनता के बीच हुआ संवाद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खण्ड सिकंदरपुर कर्ण के ग्राम बंड हमीरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रविवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जनता पुलिस के बीच संवाद स्थापित किया गया। लोगो से गांव की समस्याये पूछी गई। ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यगण, डिजिटल वालंटियर, पुलिस पेंसनर्स, वरिष्ठ नागरिक, शस्त्रधारकों व गांव के अन्य सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर गाँव की समस्यायों के सम्बन्ध में वार्ता किया गया । महिला सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई। विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, आकस्मिक पुलिस सहायता नंबर 112, चाइल्डलाइन नंबर 1098 आदि के विषय मे विस्तृत जानकारी दी गयी। साइबर अपराध से बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई तथा सोशल मीडिया के प्रयोग पर बरती जाने वाली सावधानियों के संबन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर इंस्पेक्टर राजेश पाठक,उपनिरीक्षक द्दग पाल सिंह,प्रधान संदीप श्री वास्तव आदि मौजूद रहे।

# ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

पाटन उन्नाव। बारा सगवर क्षेत्र की ग्राम सभा संग्रामपुर के गांव भगवान खेड़ा में थानाध्यक्ष बारा सागवर वा ग्राम प्रधान शीला सिंह व गांव के संभ्रांत व्यक्तियो व गांव की पब्लिक के बीच बैठक हुई जिसमें बताया गया गांव मे फेरी लगाने वाले व अजनबी आदमी कोई भैया आधार चेक कर लो उसे मारो पीटो मत पुलिस को बताओ और गांव के अनेकों झगड़े को लेकर गांव में ही समझौता कर लो आपस में झगड़े मत करो थाना अध्यक्ष धर्मेंद्रनाथ मिश्रा व संग्रामपुर कोटेदार रतन पाल सिंह रामनेर कोटेदार शक्ति शरण श्रीवास्तव समाज सेवी श्याम सिंह गांव के काफी लोग उपस्थित रहे।



# चोरी का पुलिस ने किया खुलासा,चार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

अमन लेखनी समाचार




असोहा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के काथा स्थित हनुमान मंदिर मे फरवरी और धन्नीखेड़ा स्थित भुइंया देवी मंदिर प्रांगण मे जुलाई माह मे हुई चोरियों का पुलिस ने मुखबिर व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ लिया। पकड़े गये आरोपियो की पहचान नीरज रावत निवासी ठकुराईनखेड़ा थाना सोहरामऊ ,अजुर्न गौतम व अंकुश निवासीगण सिकंदरपुर थाना बंथरा जनपद लखनऊ और साधुराम निषाद निवासी मूसा थाना इटावा जनपद सिद्धार्थनगर वर्तमान पता थाना क्षेत्र के जबरेला निवासी के रूप मे हुई है। पकड़े गये आरोपियो के पास से 9 घंटे ,31 घंटी ,साउंड सिस्टम और घटना मे प्रयुक्त एक पिकअप को बरामद किया है। पकड़े गये आरोपियो को न्यायालय मे पेश किया गया जहां से उनको जेल भेज दिया गया। एसओ निखलेश कुमार ने बताया थाना क्षेत्र के काथा और धन्नीखेड़ा स्थित मंदिरों से हुई चोरी का खुलासा किया गया है। घटना मे शामिल चार आरोपी जेल भेजे गये है उनके पास से चोरी का समान भी बरामद हुआ है।

## सम्पादकीय

# क्यों आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा सोना

पीली धातु यानि सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। महिलाओं में आभूषणों की चाहत की सबसे उपयोगी धातु आसमान पर पहुंच गई है। 28 अगस्त को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। सोना 622 रुपये बढ़कर 1,01,506 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हो गया। इससे पहले 1,00,884 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत भी 1,240 रुपये बढ़कर 1,17,110 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,15,870 थी। आम आदमी की पहुंच से सोने के फिसलने के एक नहीं अनेक कारण हैं। पहला कारण दुनिया भर में लगातार बढ़ रहा तनाव है। इतिहास गवाह है कि जब भी दुनिया पर कोई मुसीबत आती है, सोने की कीमत तेजी से बढ़ने लगती है। जब दुनिया में डर का माहौल होता है, तो लोग सोना खरीदते हैं। सोने को एक सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। डिमांड बढ़ने से सोने की कीमत में तेजी आई है। दूसरा कारण है ग्लोबल इकोनॉमी की हालत। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे बड़े देशों की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ रही है। इससे दुनिया में मंदी की आशंका है। मंदी से बिजनेस प्रभावित होगा और इसलिए लोग सोना खरीद रहे हैं ताकि उनका पैसा सुरक्षित रहे। सोने में तेजी का एक बड़ा कारण महंगाई भी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। इससे महंगाई बढ़ना तय माना जा रहा है। सोना महंगाई से बचाता है। इसके अलावा दुनिया के अनेक बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं, जिसके चलते उत्पादन से कहीं ज्यादा डिमांड हो गई है। चीन, भारत, तुर्की और पोलैंड जैसे देशों के सेंट्रल बैंक जमकर सोना खरीद रहे हैं। वे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि सोने का भंडार ज्यादा होने के बाद विश्व स्तर पर उनकी अहमियत बढ़ेगी, अमेरिका की डॉलर मोनोपोली पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। गोल्ड में उछाल का एक कारण डॉलर का कमजोर होना भी माना जा रहा है। जब डॉलर कमजोर होता है, तो विदेशियों के लिए सोना खरीदना सस्ता हो जाता है। इससे सोने की मांग बढ़ जाती है। जब मांग बढ़ती है तो दाम उछलना स्वाभाविक है। इसके अलावा देशों के साथ-साथ आम आदमी भी सोने को सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहा है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो रहा है और बॉन्ड से भी ज्यादा फायदा नहीं हो रहा है। ऐसे में आम लोग सोना खरीद रहे हैं। इससे कीमतें बढ़ रही हैं। दुनिया भर में ब्याज दरें कम होना भी सोने के दाम बढ़ने का एक कारण है। बैंक में ब्याज कम हो रहा है। भारत में आरबीआई लगातार रेपो रेट में कटौती कर चुका है। भारत में कई बैंकों ने एफडी और सेविंग अकाउंट्स पर ब्याज दरों में कटौती की है। अमेरिका में भी फेड रिजर्व के आने वाले दिनों में ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद है। जब ब्याज दरें कम होती हैं, तो सोना रखने का फायदा बढ़ जाता है। आम निवेशक को लगता है कि सोना ब्याज से ज्यादा फायदा देगा। इसी चाह में सोने के दाम आसमान पर पहुंच रहे हैं। एक तरफ तो मांग बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर सोने का उत्पादन लगातार कम हो रहा है। सप्लाई और मांग में अंतर से कीमतें बढ़ रही हैं। सोने की कीमत में ज्यादा गिरावट की संभावना आसपास नजर नहीं आ रही। अगर दुनिया में तनाव और बढ़ता है तो कीमतें कम होना तो दूर इसमें ज्यादा उछाल आ सकता है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि आने वाले दिनों में दुनिया में परिस्थितियां कैसी रहती हैं।

रायसीना हिल

विवेक शुक्ला



# देश के अहम फैसलों की मूक गवाह हैं नॉर्थ-साउथ ब्लॉक

स्वतंत्र भारत की दो सबसे खास सरकारी इमारतों में शामिल साउथ-नॉर्थ ब्लॉक का अब संध्याकाल शुरू हो गया है। राजधानी के रायसीना हिल पर बने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का अहम हिस्सा रहे हैं। ये आइकॉनिक सचिवालय इमारतें भारतीय प्रशासन का केंद्र रही हैं, जो औपनिवेशिक और स्वतंत्र भारत के दौर में सत्ता और निरंतरता का प्रतीक बनीं। अब, जल्द ही ये दोनों इमारतें खाली होने वाली हैं। यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) साउथ ब्लॉक से कुछ सौ मीटर दूर बने नए एग्जीक्यूटिव एनक्लेव-1 में सितंबर 2025 तक शिफ्ट हो सकता है। वहीं, गृह मंत्रालय और कार्मिक मंत्रालय लगभग पूरी तरह कर्तव्य भवन-3 में स्थानांतरित हो चुके हैं, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में किया था। बीते दौर के पन्नों को खंगालते हैं। अगस्त 1947 में जैसे-जैसे 15 अगस्त यानी देश की आजादी का दिन, नजदीक आ रहा था, राजधानी के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक के कुछ कमरों की बत्तियां लगभग पूरी रात जलती रहती थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री पंडित नेहरू अपने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में स्टाफ के साथ दिन-रात काम कर रहे होते थे ताकि आजादी और देश के बंटवारे की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे सकें। वहीं, नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्री सरदार पटेल देर रात तक काम करते थे ताकि 562 रियासतों को भारतीय संघ में सुचारू रूप से शामिल किया जा सके। लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपिएर ने अपनी शानदार किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में उन दिनों के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक का बेहतरीन तरीके से वर्णन किया है। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का केंद्र इसलिए रहे हैं क्योंकि ये देश के प्रशासनिक दिल की तरह काम करते हैं। साउथ ब्लॉक में प्रधानमंत्री कार्यालय, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय हैं, जबकि नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय और वित्त मंत्रालय हैं। ये मंत्रालय आंतरिक सुरक्षा से लेकर आर्थिक नियोजन तक, राष्ट्रीय नीतियों के अहम पहलुओं को देखते हैं, जिससे ये इमारतें सरकार के कामकाज के लिए अहम रही हैं। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान साउथ ब्लॉक भारत का नर्व सेंटर बन गया था। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय थे। एक कमरे में 'वॉर रूम' बनाया गया था, जहां पूरे युद्ध की रणनीति और निगरानी होती थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की अहम बैठकें यहीं होती थीं। कहा जाता है कि इंदिरा गांधी का दृढ़ नेतृत्व और मानेकशॉ की बेबाक सैन्य सलाह इन कमरों में गूंजती थी। हाल ही के ऑपरेशन सिंदूर में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में भारत की रक्षा सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी। अब इन दोनों में संग्रहालय बनेंगे। 1911 में राजधानी कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित होने के बाद ब्रिटिश नौकरशाही के लिए बनाए गए ये ब्लॉक 1947 में स्वतंत्र भारत की सत्ता के केंद्र बन गए। विजय चौक पर हर साल होने वाला बीटिंग रिट्रीट समारोह, जो इन दोनों ब्लॉकों के बीच होता है, इनकी सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अहमियत को और बढ़ाता है। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत 2025 के अंत तक इन्हें संग्रहालय में बदलने की योजना है, लेकिन इनकी वास्तुशिल्प और ऐतिहासिक कीमत उन्हें हमेशा प्रिय बनाए रखेगी। संजय बारू अपनी किताब द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में लिखते हैं, "1991 में भारत एक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। नॉर्थ ब्लॉक में वित्त मंत्रालय में प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने एक ऐतिहासिक बजट तैयार किया, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बदल दिया। बजट पेश करने से पहले पूरी गोपनीयता बरती गई थी। जब डॉ. मनमोहन सिंह ने संसद में अपना भाषण खत्म किया, तो उन्होंने विक्टर ह्यूगो के शब्दों को उद्धृत किया: 'कोई ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती, जिसका समय आ गया है।" इन शानदार इमारतों का निर्माण 1929 में 1.75 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ था। हर्बर्ट बेकर ने इनको डिजाइन किया था। वे चोटी के आर्किटेक्ट थे और नई दिल्ली के चीफ आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस के सहयोगी थे।



समसामयिक

गौरव द्विवेदी

# टिकट टू बॉलीवुड

> फिल्म उद्योग को अपनी टिकट की कीमतें निर्धारित करने में सावधानी बरतनी चाहिए और दर्शकों की संख्या और आय दोनों को संतुलित करने के लिए एक उपयुक्त टिकट मूल्य निर्धारण रणनीति अपनानी चाहिए। सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा रही हैं। बढ़ती कीमतें दर्शकों की संख्या को प्रभावित कर सकती हैं, जबकि कम कीमतें फिल्म उद्योग की आय को प्रभावित कर सकती हैं। 2019 में, जब कई सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें बढ़ाईं, तो दर्शकों की संख्या में कमी आई।

हाल ही में कर्नाटक सरकार द्वारा सिनेमा की टिकट की अधिकतम क़ीमत 200 रुपये निर्धारित की गई। है ये एक अच्छी और स्वागत योग्य पहल जिससे लोगों को सस्ता मनोरंजन मिलेगा और फ़िल्म उद्योग को भी फ़ायदा होगा। ये एक सराहनीय पहल है! सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सुपरहिट फिल्में और दोबारा से रिलीज़ हुई फिल्में दर्शाती हैं कि दर्शक सिनेमा देखने के लिए तैयार हैं, लेकिन टिकट की कीमतें और करों का प्रभाव फिल्म उद्योग की आय पर पड़ता है। फिल्म उद्योग को अपनी टिकट की कीमतें निर्धारित करने में सावधानी बरतनी चाहिए और दर्शकों की संख्या और आय दोनों को संतुलित करने के लिए एक उपयुक्त टिकट मूल्य निर्धारण रणनीति अपनानी चाहिए। सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा रही हैं। बढ़ती कीमतें दर्शकों की संख्या को प्रभावित कर सकती हैं, जबकि कम कीमतें फिल्म उद्योग की आय को प्रभावित कर सकती हैं। 2019 में, जब कई सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें बढ़ाईं, तो दर्शकों की संख्या में कमी आई। उदाहरण के लिए, एक प्रमुख मल्टीप्लेक्स चेन ने अपनी टिकट की कीमतें 20 प्रतिशत बढ़ाईं, जिसके परिणामस्वरूप दर्शकों की संख्या में 15 प्रतिशत की कमी आई। दूसरी ओर, जब कुछ सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें कम कीं, तो दर्शकों की संख्या में वृद्धि हुई। उदाहरण के लिए, एक सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें 10 प्रतिशत कम कीं, जिसके परिणामस्वरूप दर्शकों की संख्या में इजाफा देखने को मिला।

***अगर सिनेमा के धंधे को बढ़ाना है तो तीन चीज़ों पर ध्यान देने की ज़रूरत है-***

पहला टिकटों की क़ीमत कम हो और उसपर लगने वाला मनोरंजन कर तर्कसंगत हो।

दूसरा देश में इस समय 9742 सिनेमा स्क्रीन हैं जिसमें सैंतालिस प्रतिशत दक्षिण भारत में हैं लिहाज़ा देश के हर कोने में सिनेमा स्क्रीन का बढ़ना जरूरी है। फिक्की की रिपोर्ट के मुताबिक़ सिनेमा स्क्रीन की तादाद हर साल 4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है लेकिन अगर उसकी आप अमेरिका और चीन से तुलना करें तो काफ़ी कम है।

तीसरा तरीक़ा है जो काफ़ी हद तक कारगर हुआ है। वो है नैशनल सिनेमा डे का अवतरण! इस दिन सिनेमा के दाम पूरे देश में 99 रुपए कर दिए जाते हैं और जिसका असर दर्शकों की बढ़ती संख्या में देखने को मिला है।कई पुरानी फ़िल्में जैसे लैला मजनूं , तुम्बाड और सनम तेरी क़सम दोबारा रिलीज़ की गई और उन्होंने बॉक्स ऑफ़िस पर बंपर कमाई करी!

नेशनल सिनेमा डे कोरोना से निपटने के लिए मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने सितंबर 2022 में मनाना शुरू किया। पिछले साल 20 सितंबर को नेशनल सिनेमा डे का असर ख़ासतौर पर देखने को मिला।



2017 में रिलीज़ हुई बाहुबली 2 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म की टिकट की कीमतें 200 रुपए से 1,000 रुपए तक थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

2016 में रिलीज़ हुई दंगल ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म की टिकट की कीमतें 150 रुपए से 500 रुपए तक थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

1975 में रिलीज़ हुई शोले को हाल ही में 4के में दोबारा से रिलीज़ किया गया था। फिल्म की टिकट की कीमतें 200 से 500 रुपए तक थीं, और दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 50 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

1960 में रिलीज़ हुई मुगल-ए-आजम को भी दोबारा से रिलीज़ किया गया था। फिल्म की टिकट की कीमतें 100 से 300 रुपए तक थीं, और दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे।

***अब बात भारत में मनोरंजन कर की जो राज्य सरकार द्वारा लगाया जाता है, और इसकी दरें राज्य से राज्य में भिन्न होती हैं। उदाहरण के लिए-***

महाराष्ट्र में मनोरंजन कर की दर 45 प्रतिशत है।

तमिलनाडु में मनोरंजन कर की दर 30 प्रतिशत है।

कर्नाटक में मनोरंजन कर की दर 22 प्रतिशत है।

दिसंबर 2018 में फिल्मों के लिए दो जीएसटी स्लैब घोषित किए गए थे। 100 रुपए तक के टिकट पर 12 फीसदी और इससे ज्यादा दाम के टिकट पर 18 फीसदी। लेकिन वर्तमान में लागू जीएसटी स्लैब के अनुसार, 100 रुपए तक के टिकट पर 18 प्रतिशत और अधिक महंगे टिकट पर 28 प्रतिशत जीएसटी वसूला जा रहा है। यह जीएसटी परिषद द्वारा तय किया गया था, जिसका उद्देश्य फिल्म उद्योग और दर्शकों के हितों को साधना है।

अक्सर राज्यों से किसी फिल्म के टैक्स फ्री होने की खबरें आती हैं। दीपिका पादुकोण की फिल्म 'छपाक' को कई राज्यों ने टैक्स फ्री किया वहीं अजय देवगन की फिल्म 'तान्हाजी: द अनसंग हीरो' को टैक्स फ्री कर दिया। इसके अलावा साबरमती रिपोर्ट, छावा, दंगल को भी कई राज्यों ने टैक्स फ्री किया।

***सवाल ये है कि फिल्म के टैक्स फ्री होने पर उसका टिकट कितना सस्ता हो जाता है ?***

जीएसटी स्लैब दो हिस्सों में बांटा जाता है-एक हिस्सा राज्य सरकार का (स्टेट जीएसटी) और दूसरा केंद्र सरकार का (सेंट्रल जीएसटी) को होता है।

जब कोई राज्य किसी फिल्म को टैक्स फ्री घोषित करता है तो सिर्फ उसके खाते का टैक्स ही माफ होता है. इस तरह अगर टिकट 100 रुपए का है तो 6 फीसदी और टिकट 100 रुपए से अधिक का है तो 9 फीसदी टैक्स।

सिनेमा हॉल मालिकों का कहना है कि जीएसटी लागू होने से पहले फिल्म टैक्स फ्री किए जाने का बड़ा असर होता था।तब हर राज्य अलग-अलग दर से मनोरंजन टैक्स वसूला करता था, उस स्थिति में राज्य सरकार पूरा टैक्स माफ कर देती थी। पूरे सिनेमा के व्यापार का लब्बोलुबाब ये है कि 10-15 प्रतिशत की गति से सालाना बढ़ने वाला फिल्मों के कारोबार को और मजबूत करना है तो सिनेमा की टिकटों का दाम कम होना और देश में सिनेमा स्क्रीन की संख्या में इजाफा करना लाज़मी और वक़्त की जरूरत है।

## पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश को देवता का दर्जा



संकलित

दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

## रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित

प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### राजनीति में आकर नेता अपने वादे भूल जाते हैं

अगर किसी को अमीर बनना है तो वो राजनीति में आ जाए। भीड़ में से एक इनसान को चुना जाता है ताकि वो लोगों की तकलीफों को दूर करे। लेकिन चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि अपने वायदे भूल जाते हैं। हमारे देश भारत में राजनीति के नकारात्मक पहलू देखे जा सकते हैं। जो भी राजनीति में आता है, अमीर ही अमीर बनता जाता है।क्या नेता, लोगों की गरीबी को दूर करते-करते अमीर हो गए हैं या कुछ और? न्यूज चैनल वाले बताते हैं कि किस जगह का कौनसा नेता कितना अमीर है, कितनी संपत्ति है उसके पास। क्या इन लोगों को पता है कौन कितना गरीब होता जा रहा है, कितनों के पास दो टाइम का खाना नहीं है, कितने लोग बिना छत के हैं। जितनी सैलरी नेताओं को दी जाती है, उतनी अच्छे पढ़े-लिखे लोगों को भी नहीं दी जाती है।

*- नरेन्द्र तिवारी, सरायपाली*

## करंट अफेयर

### विदेशी छात्रों का अमेरिका में रहना अब होगा सीमित

ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में विदेशी छात्रों और मीडियाकर्मियों के लिए वीजा की अवधि सीमित करने का प्रस्ताव रखा है। आंतरिक सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यदि प्रस्तावित नियम को अंतिम रूप दिया जाता है तो विदेशी छात्रों समेत कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि सीमित हो जाएगी। साल 1978 से, विदेशी छात्रों को 'एफ' वीजा के तहत अनिर्दिष्ट अवधि के लिए अमेरिका में प्रवेश दिया जाता रहा है। डीएचएस ने कहा कि अन्य वीजा के विपरीत एफ वीजा धारकों को बिना किसी अतिरिक्त जांच-पड़ताल के अनिश्चित समय तक अमेरिका में रहने की अनुमति होती है।



## ऑफ बीट

### आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण।



## ट्रेंड

### यूनिवर्सिटी विशेष बसें



आज से शुरू हुई 25 यूनिवर्सिटी विशेष बसें विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और समर्पित कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगी। इन बसों का शेड्यूल कॉलेज टाइमिंग्स के साथ तालमेल में रखा गया है ताकि विद्यार्थियों को अधिकतम सुविधा मिल सके।

-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली

### तृणमूल छात्र परिषद



तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर सभी सदस्यों को बधाई। बंगाल को और भी उन्नत व मजबूत बनाने के लिए हमारे संघर्ष में वे भी शामिल हैं। मैं अपने युवा साथियों से कहना चाहती हूं, किसी भी परिस्थिति में अन्याय से समझौता न करें। अपना मस्तक ऊंचा करके जिएं।

-ममता बनर्जी, सीएम, पं. बंगाल

### किसान-व्यापारी बर्बाद होंगे



आज हमारा देश दो तरफ से मार खा रहा है। एक तरफ ट्रंप ने 50% टैरिफ लगाकर हमारी इंडस्ट्री को खत्म करने की साजिश की और दूसरी तरफ मोदी जी ने अमेरिका के माल पर टैरिफ ही हटा दिया। अब भारत का किसान और व्यापारी दोनों बर्बाद होंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### एसआईआर की जरूरत



झारखंड में 2019-24 के बीच मतदाता सूची में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। बड़ी संख्या में घुसपैठियों के नाम जुड़े हैं। यहां एसआईआर की सख्त जरूरत है, राज्य सरकार को इस प्रक्रिया में हरसंभव सहयोग करना चाहिए।

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

## संक्षेप

### महिला दुकानदार से मारपीट

**आरोपी ने दुकान से सामान उठाया, विरोध पर हवाई फायरिंग कर दी जान से मारने की धमकी**

सुलतानपुर, एक महिला ने एसपी से मिलकर शिकायत दर्ज कराई है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक महिला दुकानदार के साथ मारपीट और लूट की घटना अंजाम पाई है।सैदपुर गांव की रहने वाली सुनीता पत्नी महेश किराना और कॉस्मेटिक की दुकान चलाती हैं। उनके पति रोजगार के लिए मुंबई में रहते हैं। गांव का ही रहने वाला प्रदीप पुत्र रामअवतार अवैध हथियार के साथ सुनीता की दुकान में घुस गया। वह जबरदस्ती दुकान से सामान उठाने लगा। जब सुनीता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। घटना के समय दुकान में सुनीता की मामी भी मौजूद थीं। जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने हवाई फायरिंग की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी और 112 पर कॉल भी की। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।सुनीता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मारपीट में लगी चोटों का मेडिकल परीक्षण कराने की भी मांग की है।

### मूक-बधिर बालक की ट्रेन से कटकर मौत

**सुलतानपुर के चांदा में हुआ हादसा, नहीं सुन पाया ट्रेन की आवाज**

सुलतानपुर, एक दुखद घटना सामने आई। महारानी पश्चिम रेलवे गेट से करीब 100 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर एक मूक-बाधिर बालक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान महारानी पश्चिम गांव निवासी शिवा मौर्य के रूप में हुई है।वह भारत लाल मौर्य का पुत्र था। परिजनों ने बताया कि शिवा जन्म से ही सुनने और बोलने में असमर्थ था। स्थानीय लोगों के अनुसार, शिवा अक्सर रेलवे ट्रैक के आसपास खेलता था। मूक-बाधिर होने के कारण वह आती ट्रेन की आवाज नहीं सुन पाया। घटना की सूचना मिलते ही चांदा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर छात्रों ने दिखाया जोश

**सुलतानपुर में कबड्डी, दौड़ और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं हुईं**

सुलतानपुर, अखण्डनगर स्थित आर.के. महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. जे.पी. दुबे और प्राचार्य डॉ. सुभाषचंद्र यादव ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। श्रीमती शोभावती देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अलख निरंजन पाण्डेय और खेल शिक्षक सुरेश पाण्डेय भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में कबड्डी, दौड़ और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर इन खेलों में हिस्सा लिया। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी हैं।

## धोखाधड़ी करने वाले अन्तरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़, सात ट्रैक्टर के साथ तीन वांछित गिरफ्तार

- किसानों से किराए पर ट्रैक्टर लेकर धोखाधड़ी कर देते थे बिक्री
- मुर्तिहा पुलिस एसओजी व सर्विलांस टीम ने किया खुलासा



**अमन लेखनी समाचार**

मोतीपुर, बहराइच। पुलिस एसओजी व सर्विलांस टीम ने बहुत बड़ी घटना का खुलासा करते हुए सात ट्रैक्टर बरामद करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।किसानों से ट्रैक्टर धोखाधड़ी कर फर्जी कागजात तैयार कर पुनः बेचने वाले अन्तरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है।थाना मूर्तिहा पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गिरोह के तीन वांछित सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात ट्रैक्टर बरामद किए हैं। यह कार्रवाई गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना मुर्तिहा में दर्ज मुकदमा पर की गई है।दिनांक 29 जून 2025 को दो अलग-अलग किसानों ने पुलिस को सूचना दी कि दुर्गेश कुमार पुत्र बेचन सिंह निवासी तुलसीपुर माझा, गोण्डा ने उनसे ट्रैक्टर किराए पर लिए थे। वह न तो तय किराया दे रहा था और न ही ट्रैक्टर वापस कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच के दौरान की गई है। जांच में सामने आया कि कुलदीप सिंह ने दुर्गेश से कई ट्रैक्टर किराए पर लेकर उन्हें सुभाष कुमार को बेच दिया। इसके बाद सुभाष कुमार ने रामजी शर्मा से मिलकर किसानों के साथ धोखाधड़ी की और फर्जी कागजात तैयार कर ट्रैक्टरों को विभिन्न किसानों को बेच दिया। अभियुक्तगण एक संगठित गिरोह बनाकर किसानों से ट्रैक्टर फाइनेंस करवाते, फिर रेलवे ठेके के नाम पर ट्रैक्टर लेकर उनके नकली कागजात तैयार कर देते और उन्हें आगे बेचकर किसानों को ठगते थे।पुलिस टीम ने आरोपितों की निशानदेही पर सीतापुर, शाहजहांपुर और बाराबंकी जिलों से सात ट्रैक्टर बरामद किए, जिनका संबंध बहराइच, गोंडा व गोरखपुर जनपदों के मुकदमों से है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र अखिलेश सिंह निवासी ग्राम पूरे बसावन, थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ सुभाष कुमार पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम जगतपुर खास, थाना बेवर, जनपद मैनपुरी रामजी शर्मा पुत्र रामबाबू शर्मा निवासी ग्राम भदावल, थाना छाता, जनपद मथुरा गिरफ्तार अभियुक्तों को बरामद ट्रैक्टरों के साथ न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।इतनी बड़ी घटना का खुलासा होने से लोग मुर्तिहा पुलिस एसओजी व सर्विलांस टीम की सराहना कर रहे है।

## पुलिस त्रस्त चोर मस्त, क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाएं

**एक के बाद एक चोरी की घटना को चोर दे रहे अंजाम**

**अमन लेखनी समाचार**

**संतोष मिश्रा/मो. कौसर**

बहराइच। आदर्श थाना रुपड़ीहा क्षेत्र में इस समय चोरों के हौसले बुलंद है और एक के बाद एक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। थाना क्षेत्र के लोग घर में चोरी होने के डर से रात जाग कर पहरा देने पर मजबूर है। आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के जमुनहा वार्ड में शनिवार की रात लगभग 2 बजे चोरों ने घर में घुस कर लगभग चार लाख रुपयों के माल पर हाथ साफ किया।गृह स्वामिनी मंजू देवी पत्नी बब्लू उर्फ हरिराम थाने में प्रार्थना पत्र दे दिया है और शीघ्र ही चोरी की घटना को खुलासा करने के लिये गुहार लगाई है । प्रार्थना पत्र में गृहस्वामिनी मंजू देवी पत्नी बब्लू उर्फ हरिराम ने लिखा है कि चोरों ने छतपर जाकर जीने से उतर कर दरवाजे की चद्दर तोड़ी, फिर कमरे में घुस गये और सारा सामान उलट पलट दिया पुत्री को विदा करने के लिये सोने की नथनी, झाला, टिका, हार व 4 जोड़ी चांदी की पायल सहित जेवरात चोर उठा ले गये। साथ में वे लोग 2 मोबाइल, आधार व पैन कार्ड, सेंट्रल बैंक व सहारा बैंक का पासबुक भी ले गये। उसने यह भी बताया कि उसका पति मलेशिया में काम करने गया है।वह बच्चों के साथ घर में अकेली रहती थी प्रार्थनी ने लिखा है कि चोरों को पकड़ कर मेरा सामान बरामद किया जाएं।इसी प्रकार गत 27 अगस्त की रात रुपईडीहा के समीप ही नईबस्ती नामक मोहल्ले में पुनीत गुप्ता पुत्र सुरेश चंद्र ने भी उसी दिन प्रार्थना पत्र दिया है कि उसके यहां

घर के पीछे से दीवार फांदकर खिड़की की ग्रिल निकाल कर अंदर घुसकर चोरों ने अलमारी का ताला तोड़ा? और अलमारी में रखी सोने की 2 जोड़ी झुमकी, 2 अंगूठी, 1 मांग टिका, 2 जोड़ी चांदी की पायल व महंगी 5 साड़ ?यां चोर उठा ले गये है।इस क्रम में हरीहर पुर पुरैना के ग्राम कालिया पुरवा में बीती रात 22 व 23 को जाबिर अलि पुत्र अमानत ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि झाल की सरिया तोड़कर चोरो ने घर में घुसकर अलमारी का लाकर तोड़कर सोने चांदी सहित आठ आदत का लगभग ढाई लाख रुपए का चोरी का अंजाम दिया था लेकिन पीड़िता का कहना है कि अभी चोरी की घटना का खुलासा नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत लखैहिया के मजरा गंगापुर निवासी हसराज पुत्र ननकु ने अपने साथ हुई चोरी की वारदात की तहरीर पुलिस को दी है और पीड़ित के मुताबिक, 23 अगस्त 2025 की रात अज्ञात चोर घर में घुस कर संदूक का ताला तोड़कर करीब 6500 रुपये नकद व सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये पीड़ित ने प्राथना पत्र में लिखा है कि जब सुबह वह उठा तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला और तिजोरी का ताला टूटा हुआ था इस तरह रुपईडीहा थाना क्षेत्र हो रही चोरीयो से अब लोगों के अन्दर एक भय बना गया है। थाना क्षेत्र में इन वारदातों से सिद्ध है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। थाना क्षेत्र के लोगों में अब असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।चोरों के भय से दर्जनों गांवों में ग्रामीण जागकर पहरा दे रहे हैं कि कहीं रात में चोरी न हो जाए।

## एसटीएफ और कैसरगंज की पुलिस की संयुक्त मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार

- एसटीएफ और कैसरगंज की पुलिस का सराहनीय कार्य
- एसटीएफ और कैसरगंज की पुलिस की सतर्कता से टल गया बहुत बड़ा हादसा

**अमन लेखनी समाचार / सिराज अली कादरी**



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कर्सर बटोरा के निकट विजय सिंह फार्म हाउस के पास दिनांक 30.8.2025 शनिवार के दिन शाम करीब 9 बजे चार बदमाश संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। एसटीएफ और कैसरगंज की पुलिस ने जब बदमाशों का पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस और एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली मारी जिससे वह मौके पर ही पुलिस की गिरफ्त में आ गया। बाकी तीन और बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा। घायल बदमाश मे परशुराम, प्रदीप यादव, आलोक सिंह साकेत रावत शामिल थे।एडिशनल एसपी बहराइच रामानंद कुशवाहा ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैकवार की हत्या के सिलसिले में बाराबंकी से चार बदमाश आए थे।जिनमें से चारों बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा।एसटीएफ और कैसरगंज की पुलिस ने बहुत बड़े होने वाले हादसे को टाल दिया।

## आध्यात्मिक संदेश के साथ मानव सेवा का उत्कृष्ट अभियान, रक्तदान शिविर आयोजित

- दक्षिण एशिया में एक लाख से अधिक लोगों ने किया रक्तदान
- नेपालगंज में आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल/ संतोष मिश्रा**



बहराइच। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग सेवा केंद्र द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर आयोजित विशाल रक्तदान अभियान में नेपाल, भारत और दक्षिण एशियाई देशों में एक लाख से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। केंद्र ने भारत में संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय 'प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय' की पूर्व मुख्य प्रशासिका डॉ. प्रकाशमणि दादी की 18 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक लाख यूनिट रक्त एकत्र करने के उद्देश्य से विशाल रक्तदान अभियान का आयोजन किया है।पडोसी देश नेपाल के नेपालगंज सें रक्त अभियन्ता वरिष्ठ पत्रकार पूर्णलाल चुके ने बताया कि भाद्रपद 6 से 9 तक चार दिनों तक विशाल रक्तदान एवं महादान अभियान के रूप में आयोजित यह अभियान नेपाल और भारत में हजारों ब्रह्माकुमारी सदस्यों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। 1 लाख यूनिट रक्त एकत्रित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा यह अभियान, रक्तदान अभियान के सक्रिय संगठनों, रक्त कार्यकताओं और नेपाल में रक्त एकत्रित करने और संग्रहीत करने के लिए अधिकृत एकमात्र संगठन, नेपाल रेड क्रॉस सोसाइटी के अनुसार अब तक का सबसे बड़ा रक्तदान और संग्रहण मानवीय प्रयास है।ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र के मूल्यों और मान्यताओं के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रक्त की कमी के कारण गंभीर स्थिति में या मृत्यु के कगार पर पहुँच चुके रोगियों को जीवनदान देना है, साथ ही समाज में करुणा, सहयोग और विश्व बंधुत्व का संदेश फैलाना है।ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र, नेपाल की उप प्रमुख एवं पश्चिमी नेपाल की सह-संयोजिका, बाल ब्रह्मचारिणी वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दुर्गा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, नेपाल में विगत 55 वर्षों से शांति, सद्भाव, राष्ट्रीय एकता एवं धार्मिक सहिष्णुता बनाए रखने तथा आध्यात्मिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना हेतु महत्वपूर्ण सामाजिक-आध्यात्मिक सकारात्मक कार्य कर रहा ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र, नेपाल में एक लाख से अधिक आम नागरिकों को धूम्रपान, शराब, नशीली दवाओं जैसे व्यसनों एवं व्यसनों से मुक्त कराने में सक्रिय रहा है।ब्रह्माकुमारी दुर्गा ने कहा - केंद्र के प्रथम प्रयास में संपन्न हुए 'महारक्तदान अभियान-2025' के अंतर्गत 100 घंटों के भीतर नेपाल, भारत एवं एशियाई देशों के सैकड़ों स्थानों पर एक साथ एक लाख यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया है, जिससे लाखों लोगों के जीवन को बचाने में सहायता मिलेगी।हम इसे लेकर अत्यंत उत्साहित हैं।ब्रह्माकुमारी दुर्गा के अनुसार, काठमांडू घाटी में लगभग 11 हजार, विराटनगर में 2830, नारायणगढ़ में 970, राजबिराज में 197, बीरगंज में 542, पोखरा में 564, डांग में 283, बुटवल में 553, हेटौडा में 270, जनकपुर में 354, भैरहवा में 67, धनगढ़ी में 133, पाल्पा में 64, बागलुंग में 81 और बांके बर्दिया में 562 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। संस्था द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नेपाल में ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र ने भाद्रपद 6 से आज तक देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित रक्तदान कार्यक्रमों में चार दिनों में 11,916 युनिट रक्त एकत्रित किया है। अकेले पहले दिन 5,047 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस मात्रा में रक्त संग्रह नेपाल में अब तक का सबसे अधिक है और एक नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ है।नेपाल के काठमांडू, नेपालगंज, विराटनगर, नारायणगढ़, राजबिराज, बीरगंज, पोखरा, डांग, बुटवल, हेटौडा, जनकपुर, भैरहवा, धनगढ़ी, पाल्पा, बर्दिया, बागलुंग में रक्त एकत्र किया गया। यह अभियान बांके, सुर्खेत और बर्दिया में नेपाल स्वैच्छिक रक्तदाता समिति की जिला शाखाओं के सहयोग से आयोजित किया गया था।नेपालगंज सेवा केंद्र के सह-प्रभारी ब्रह्मा कुमार कृष्ण के अनुसार, भाद्रपद 6 से 9 तक नेपाल के 134 स्थानों सहित भारत के विभिन्न हिस्सों में चलाए गए इस अभियान में उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। ब्रह्मा कुमार कृष्ण ने बताया कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय क्षेत्रीय कार्यालय, नेपालगंज के अंतर्गत बांके में 154 युनिट और बर्दिया में 190 युनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्रों द्वारा विभिन्न संगठनों और सामाजिक निकायों के सहयोग से किया गया था। बर्दिया में, बर्दिया जिला अध्यक्ष और नेपाल स्वैच्छिक रक्तदाता सोसायटी के केंद्रीय सदस्य प्रेम प्रसाद लामसाल, तथा सुर्खेत में सोसायटी के केंद्रीय सदस्य प्रभाष कुमार शाक्य का सक्रिय सहयोग रहा।

## एनसीसी ट्रेनिंग कैंप के सातवें दिन एनसीसी कैडेट्स ने जोश के साथ लिया प्रशिक्षण

**अमन लेखनी समाचार**



रूपईडीहा, बहराइच। लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज रूपईडीहा में आयोजित एनसीसी ट्रेनिंग (CATC-161) कैंप के सातवें दिन कैंप कमांडेंट कर्नल एपीएस पटवाल के निर्देशन एवं कॉलेज के सचिव डॉ. यशपाल के संयोजन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सुबह की शुरूआत ड्रिल से हुई, जिसमें कैडेट्स को सल्यूट एवं अन्य फील्ड प्रशिक्षण दिया गया। सभी कंपनियों के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अल्फा कंपनी में सीएचएम रामकिशोर ने आर्म्ड फोर्स की सैन्य प्रणाली एवं रैंकों के बारे में क्लास ली। चार्ली कंपनी में हवलदार महेंद्र ने फील्ड क्राफ्ट/बैटल क्राफ्ट के अंतर्गत फील्ड सिग्नल्स की जानकारी दी। वहीं ब्रावो कंपनी के कैडेट्स ने फायरिंग अभ्यास किया। सीनियर कैडेट्स को हवलदार हेम पुन्न ने वेपन ट्रेनिंग में बंकर तोड़ने और इमरजेंसी आक्रमण की प्रैक्टिस कराई। सीनियर गर्ल्स कैडेट्स को सीएचएम कपिल ने मैप रीडिंग के अंतर्गत मानचित्र के प्रकार एवं सांकेतिक चिन्हों की जानकारी दी। जूनियर कैडेट्स को सीएचएम मिकिन ने कम्युनिकेशन के तहत बेरिंग के प्रकार और सर्विस प्रोटेक्टर के बारे में प्रशिक्षण दिया। दूसरे सत्र में पहले फायरिंग अभ्यास हुआ, तत्पश्चात सभी कंपनियों के बीच विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। शाम को कैडेट्स के लिए प्रोजेक्टर पर फिल्म दिखाई गई। कैंप कमांडेंट ने बताया कि आगामी 01 सितम्बर को आपातकालीन स्थिति में आतंकवादी कैंप पर आक्रमण का मॉक ड्रिल प्रदर्शन किया जाएगा।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, तीन नामजद पर मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**



रूपईडीहा, बहराइच। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मामला थाना रूपईडीहा क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर बन्जरिया का है, जहाँ दहेज में मोटरसाइकिल की मांग को लेकर एक युवती को प्रताड़ित किया जा रहा था।प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी श्रीराम वकील पुत्र सियाराम निवासी ग्राम पातालकुट्टी, दा0 गिरधरपुर, थाना नानपारा ने रूपईडीहा थाने में तहरीर दी कि उसकी पुत्री सुशीला यादव को पति दुर्गेश कुमार, ससुर विदधन यादव व सास सिया दुलारी द्वारा लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त 2025 को सुबह करीब 7:30 बजे विपक्षियों ने सुशीला की हत्या कर दी। इस संबंध में रूपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवेचना क्षेत्राधिकारी नानपारा को सौंपी गई है। घटना के बाद मृतका के गांव व मायके दोनों जगह मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जिले के 120 उर्वरक बिक्री केंद्रो पर पहुंची 17745 बोरी यूरिया



**अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा**

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 2357 मैट्रिक टन यूरिया, 5195 मैट्रिक टन डीएपी, 2870 मैट्रिक टन एनपीके एवं 13270 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद में 59713 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। गत शनिवार को जिले में 412 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद की 120 उर्वरक बिक्री केंद्रो पर 17745 बोरी यूरिया उर्वरक भेजी गयी है।जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने बताया कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार उर्वरक का वितरण सुनिश्चित कराये जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सीमावर्ती व अन्य क्षेत्रों में लगातार छापामारी की कार्यवाही की जा रही है।

## 1सितंबर को जन्म से कटे होंठ व कटे तालू का निःशुल्क पंजीकरण शिविर

**अचल प्रशिक्षण केन्द्र मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय बहराइच में पंजीकरण**

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों नानपारा, पयागपुर, कैसरगंज में जन्म से कटे होंठ व कटे तालू के निःशुल्क पंजीकरण शिविर में अब तक 52 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण। 36 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित, खिलखिलाकर कर मुस्कुरायेगा बचपन।जन्मजात कटे होंठ व कटे तालू से ग्रसित मरीजों के इलाज हेतु निःशुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन बहराइच में विकास खंडवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद बहराइच में 28 अगस्त से आरंभ हुआ कैंप 01 सितम्बर तक चलेगा।मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि इसी क्रम में दिनांक 01 सितम्बर को ब्लॉक चित्तौरा, रिसिया, तेजवापुर, महसी, बहराइच अर्बन एवं समस्त ब्लॉक के छूटे हुए मरीज जो निःशुल्क पंजीकरण का लाभ नहीं उठा पाए है, उन बच्चों का पंजीकरण अचल प्रशिक्षण केन्द्र मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय बहराइच में आयोजन किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों नानपारा, पयागपुर, कैसरगंज में जन्म से कटे होंठ व कटे तालू का निःशुल्क पंजीकरण शिविर में अब तक 52 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण, 36 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर लिया गया है। पूर्ण रूप से स्वस्थ बच्चे की मुस्कान ही उसका आत्म विश्वास जगाती है। इसी आत्मविश्वास को वापस लाने में अमेरिका की स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डॉ वैभव खन्ना एवं डॉ आदर्श कुमार हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल सार्थक भूमिका निभा रहें है। पंजीकृत मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन एवं सम्पूर्ण इलाज लखनऊ हेल्थ सिटी अस्पताल में किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए डी०ई०आई०सी० प्रबंधक गोविन्द रावत के मो. 9598769545 एवं स्माइल ट्रेन सस्था के प्रतिनिधि नीरज कुमार शर्मा के मो. 9454159999, 9565437056 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने जनता से अपील किया कि आप सभी लोग अपने क्षेत्र में, आस पडोस में कहीं पर भी कटे होंठ व कटे तालू के बच्चे को देखें तो उनको शिविर में पंजीकरण कराने के लिए भेजें।

## आकाशीय बिजली की चपेट मे आने से किशोर की हुई दर्दनाक मौत

**बाग मे बच्चों संग खेल रहा था, बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे छिपा था बालक**

**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मुनीमपुर कला गांव में रविवार दोपहर मे गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आने से 12 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर करीब 12 बजे आसमान में काली घटायें छा गईं और मौसम सुहावना हो गया। जिसका आनंद लेने के लिए साथियों संग गांव निवासी राम प्रकाश वर्मा का 12 वर्षीय बालक अभिषेक वर्मा गांव से महज चंद मीटर दूर राम खेलावन वर्मा के बाग मे कई साथी बच्चों संग खेलने चला गया। तभी अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचाव के लिए सभी बच्चे पेड़ के नीचे छुप गए। इसी दौरान तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आने से अभिषेक वर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शेष बच्चे सकुशल बच गए। अभिषेक दो भाई एवं दो बहन में दूसरे नंबर पर था। घटना की जानकारी होते ही गांव में चीख पुकार शुरू हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना के बाद मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल प्रभात अवस्थी एवं प्रभारी थानाध्यक्ष वरिष्ठ उप निरीक्षक महंथ शर्मा पुलिस टीम के साथ पहुंचे। विधिक कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे चारे के खेत में युवक का मिला शव

**50 मीटर दूर मिली बाइक, फॉरेन्सिक टीम ने किये साक्ष्य संकलन**

**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत दो गाँवों (बेलामकन व चौकसाहार) के बीच चारे के एक खेत में रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों एक युवक का शव ग्रामीणों ने देखा। जिसे देख स्थानीय लोग सहम गए और सनसनी फैल गई। शव से करीब 50 मीटर दूर युवक की बाइक मिली। घटना की खबर मिलते ही मौके पर सैकड़ों की भीड़ इकट्ठा हो गई। शव की शिनाख्त इसी थाना क्षेत्र के मटेरा कला गांव निवासी 25 वर्षीय प्रदीप राजपूत पुत्र रामकुमार राजपूत के रूप में हुई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस सहित परिजनों को दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू की। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि प्रदीप शुक्रवार सुबह बाइक से चौकसाहार गांव में फूफा ज्ञान राजपूत के घर के लिए निकला था। लेकिन वह फूफा के घर भी नहीं पहुंचा। परिजनों को जानकारी हुई तो अन्य नाते रिश्तेदारी में काफी खोजबीन किया किन्तु पता नही चला। मृतक दो भाइयों में छोटा था। प्रभारी थानाध्यक्ष महंथ शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। आरोपियों को बक्शा नही जायेगा।

## बूथ स्तर तक सुनी गई मन की बात, कार्यकर्ता रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। बहराइच के नवाबगंज मंडल क्षेत्र के बूथ संख्या 29-30 चौगोड़वा में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें संस्करण को पूरे जोश और उत्साह के साथ सुना गया। मिली जानकारी के मुताबिक मंडल अध्यक्ष नवाबगंज बलवंत सिंह की मौजूदगी में बूथ संख्या 29-30 पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ स्थानीय आम जनमानस व बुद्धिजीवियों ने एक साथ बैठकर इस कार्यक्रम को ध्यान पूर्वक सुना।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनने के लिए कार्यकताओं और पदाधिकारियों में उत्साह दिखा। ₹मन की बात ₹ को देश के प्रत्येक बूथ स्तर तक लें जाने का मूल उद्देश्य कार्यकताओं को देश निर्माण से जोड़ना और सम्यक जानकारी प्राप्त कर प्रधानमंत्री के विचारों को जनता से अवगत कराना है।इस मौके पर रामचंदर चौधरी, आनंद जायसवाल, राधेश्याम गुप्ता, पिंटू गुप्ता, अजीत सिंह, रहीम नगर प्रधान अतुल सिंह, संजय सिंह,तिलक राम, बुधराम,आशीष, सुरेश आदि उपस्थिति रहे।

## संक्षेप

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान

**जिला अध्यक्ष गौरव भाटी ने तीन गांवों में की बैठक, पीड़ित परिवारों से की मुलाकात**

मेरठ, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गौरव भाटी ने संगठन सृजन अभियान के तहत तीन गांवों का दौरा किया। उन्होंने रोहटा, डालमपुर और कैथवाड़ी में कार्यकताओं के साथ बैठकें कीं। रोहटा में भाटी ने दो पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। पहले वे बीसू के परिवार से मिले, जो 22 तारीख से हिंडन नदी में डूबने के बाद लापता था और कल उनका शव मिला। इसके बाद उन्होंने ब्रजपाल उर्फ बृजेश की आत्महत्या के बाद उनके बेटे रोहित से मिलकर संवेदना व्यक्त की। डालमपुर गांव में अशोक पहलवान और अश्वनी शर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाटी ने कार्यकताओं से बुजुर्गों और युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक गांव-गांव में कांग्रेस की पहुंच नहीं बनेगी, तब तक वे आराम नहीं करेंगे। कैथवाड़ी में उदयवीर त्यागी और अनिरुद्ध त्यागी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यहां बुजुर्गों और युवाओं ने माला पहनाकर भाटी का स्वागत किया। कार्यक्रम में अनिरुद्ध त्यागी, जगदीश शर्मा, शबी खान, सुनीता मंडल, सुशीला कोहली, राहुल जड़ोदिया, नवीन गुज्जर, डॉ मनोज भारद्वाज समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

**फुटपाथ और सड़कों से अतिक्रमण हटाने में जुटी पुलिस, नियम तोड़ने वालों का होगा चालान**

बुलंदशहर, गुलावठी पुलिस ने सड़कों और फुटपाथ पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया है। यातायात में बाधा डालने वाले अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हो गई हैं। हाईवे पर अंबेडकर चौक के पास पुलिस अधिकारी अरूण कुमार और नरेश कुमार ने कार्रवाई की। उन्होंने शफाखाना रोड के चौक पर फुटपाथ पर कब्जा करने वाले रेहड़ी-ठेली वालों को नियमों की जानकारी दी। पुलिस अतिक्रमणकारियों की सूची भी तैयार कर रही है। गुलावठी की संकरी सड़कों और फुटपाथ पर जगह-जगह अतिक्रमण है। इससे लोगों को पैदल चलने में परेशानी हो रही है। एसएचओ गुलावठी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि फुटपाथ पर ठेला-पटरी या किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए।

### सांप ने महिला को काटा, मौत

**कूड़े के ढेर में बैठा था कोबरा, सफाई कर रही थी बुजुर्ग**

बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र के गली नंबर 6 में कूड़े के ढेर में छिपे कोबरा ने 78 वर्षीय महिला को काट लिया। महिला की पहचान भेड़ापुर गांव की रहने वाली जगवती के रूप में हुई। जगवती पिछले 3 साल से अपनी बेटी के घर में रह रही थीं। घटना उस समय हुई जब वह मकान के एक कोने में पड़े कूड़े को हटाने का प्रयास कर रही थीं। कूड़े में छिपे जहरीले सांप ने उनके हाथ में काट लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत जगवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# छात्र के 9 टुकड़े कराने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

**कहा था बलि देकर अलग अलग दिशाओं में शरीर के अंग फेंको तो साया दूर हो जाएगा**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, 11वीं के छात्र पीयूष उर्फ यश की बलि देने के सनसनीखेज मामले में आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए तांत्रिक की उम्र 45 साल है। उसका नाम मुन्ना लाल पुत्र राम खेलावन है। तंत्र मंत्र, जादू टोना करने वाला मुन्ना लाल कौशांबी के धुस्कहा का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ में तांत्रिक ने कबूल किया है कि उसने पीयूष की बलि देने वाले सरन सिंह को नरबलि के लिए कहा था। तांत्रिक ने कबूल किया कि वह तंत्र-मंत्र के लिए सरण सिंह के घर गया था। उसे बताया था कि परिवार पर साया है। जादू टोने का असर है। ऐसे में इसे दूर करने के लिए उसे बलि देनी होगी। उसने कहा था परिवार के अजय सिंह उर्फ गुड्डू के लड़के (पीयूष) को काटकर 9 टुकड़े कर दक्षिण-पश्चिम या उत्तर दिशा में फेंको। इसी के बाद चचेरे दादा सरण सिंह ने मासूम पोते की बलि दे दी। उसके शरीर को टूकड़ों में बांट अलग अलग दिशाओं में फेंक दिया था। तांत्रिक की मुलाकात सरण सिंह ने करेली के लेबर चौराहे पर हुई थी। फिर वह अक्सर सरण सिंह के घर जाने लगा था। उसका कहना है कि शव को टुकड़े कर फेंकवाने का काम पहली बार किया है। सरन सिंह ने तांत्रिक से तंत्र विद्या समझने को कई बार बुलाया था। कई बार सरन सिंह के घर जाकर तंत्र-मंत्र किया और फोन पर भी लगातार बातचीत होती रही। मैं पहले राजगीर था। बाद में तंत्र मंत्र जादू टोना कर रुपये कमाने लगा। सरण सिंह की समस्या सुनी वह भी तंत्र मंत्र में विश्वास रखता था। सरन सिंह के घर में बैठकर हमने तंत्र मंत्र किया। चारो तरफ कील लगाई। सरन सिंह के घर में बहुत बड़ा साया था। मैंने उसे सलाह दी कि इसे दूर करो वरना पूरा परिवार तबाह हो जाएगा। सरन को बताया यह साया तुम्हारे ही परिवार के अजय सिंह उर्फ गुड्डू का है। तुम उनके किसी लड़के को काटकर उसके 9 टुकड़े करके दक्षिण-पश्चिम या उत्तर ले जाकर फेंक दो जिससे तुम्हारे घर का गृह दोष शान्त हो जायेगा।

# ब्लॉक संघ अध्यक्ष को महिला ने चप्पल से पीटा

**प्रयागराज में मीटिंग के बीच चप्पल लेकर दौड़ी, लोग तमाशा देखते रहे**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, महिला पंचायत सहायक ने जिला ब्लॉक संघ अध्यक्ष को जमकर चप्पलों से पीटा। उनके साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। जब मामला शांत हुआ, तो महिला ने जिला ब्लॉक संघ अध्यक्ष को देख लेने की धमकी दी। इस घटना का वीडियो आज सामने आया है। कहा जा रहा है कि महिला जिला ब्लॉक संघ अध्यक्ष बनना चाहती थी। लेकिन, निर्विरोध चुनाव होने की वजह से वह चुनाव नहीं लड़ पाई थी। इसके चलते वह नाराज थी। जिला ब्लॉक संघ अध्यक्ष ने महिला को वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा था प्रयागराज में 23 ब्लॉक हैं। इनके संघ के अध्यक्ष प्रवीण यादव हैं। वह भगवतपुर के रहने वाले हैं और पंचायत सहायक के कामों को देखते हैं। शमशीर बानो सोरांव ब्लॉक की पंचायत सहायक है। वह गांव के सचिवालय यानि पंचायत भवन में काम करती हैं। गांव में परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु, आवास प्रमाणपत्र से जुड़े काम देखती है। प्रवीण यादव ने बताया कि संघ का ग्रुप वॉट्सऐप है, जिसमें सारी गतिविधियां चलती हैं। कौन गांव पहुंचा, क्या हुआ, यह सब चेक होता है। मैंने ही वह वॉट्सऐप ग्रुप बनाया था। उसमें शमशीर बानो को भी जोड़ा गया। अध्यक्ष न बन पाने से नाराज थी महिला प्रवीण यादव ने बताया कि शमशीर बानो संघ अध्यक्ष बनना चाहती थी। लेकिन, साथियों का सपोर्ट न मिलने से चुनाव नहीं लड़ पाई। इस बात को लेकर उनके मन में गुस्सा है। मैंने जब उन्हें ग्रुप में जोड़ा, तो वह ग्रुप में मेरे खिलाफ लगातार अपशब्दों का प्रयोग करने लगी। मैंने फोन करके मना किया, तो मुझे सबक सिखाने की धमकी दी। जब मैंने विरोध किया तो शमशीर बानो ने फोन पर भी गाली-गलौज शुरू कर दी। प्रवीण ने कहा कि मैंने भी उसी लहजे में जवाब दिया। इसके बाद शमशीर ने मुझे सबक सिखाने की धमकी दी। महिला ने फोन करके मीटिंग में बुलाया था प्रवीण ने बताया कि शुक्रवार को शमशीर बानो ने मुझे दूसरे नंबर से फोन किया। कहा कि भगवतपुर ब्लॉक में मीटिंग है

# बिजली के तार की चपेट में आया युवक, मौत



**रायबरेली में बकरियों के लिए पेड़ से पत्ते तोड़ते समय हुआ हादसा, पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची**

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, उत्तर प्रदेश के रायबरेली के भदोखर थाना क्षेत्र के जमालपुर नानकारी गांव में रविवार को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। रविवार को 35 वर्षीय रमजान उर्फ ताज मोहम्मद की मौत हो गई। वह अपनी बकरियों के लिए गूलर के पेड़ से पत्ते तोड़ रहे थे। इस दौरान वह पेड़ के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों ने इस समस्या पर चिंता जताई।

# महिलाओं से लूट करने वाले 2 बदमाश एनकाउंटर में अरेस्ट

**गाजियाबाद में सोने की चेन–कुंडल लूटते, दिल्ली में ज्वेलर्स को बेचकर होटल में पार्टी करते थे**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, विजयनगर थाना पुलिस ने महिलाओं से लूट करने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारी है। दोनों से पूछताछ में पता चला है कि यह गैंग गाजियाबाद, हापुड़, नोएडा और दिल्ली में लगातार महिलाओं से लूट कर रहा था। अपने शौक पूरे करने के लिए यह लूट करते थे। लूट के बाद माल को बेचकर पैसों का बंटवारा करते और फिर होटल में पार्टी करते। दोनों के खिलाफ सात मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मौके से एक सोने की चेन, 5500 रुपए एक तमंचा और एक बाइक बरामद की है। विजयनगर एसएचओ शशि कुमार द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो युवकों को पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, दोनों युवक नहीं रूके। जिसके बाद बाइक को सीएचएसपी फ्लाईओवर को जाने वाले कच्चे रास्ते पर मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो दोनों बाइक छोड़कर भागने लगे और एक बदमाश ने तमंचे से पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसमें एक बदमाश के पुलिस ने पैर में गोली मारी जबकि दूसरे को घेरकर पकड़ा। घायल ने अपना नाम साबिद पुत्र उजालुद्दीन निवासी मुगल गार्डन मसूरी गाजियाबाद बताया। दूसरे बदमाश ने अंशु पुत्र मुकेश हलवाई निवासी शंकरपुरी सेक्टर 8 थाना विजयनगर गाजियाबाद बताया।

# यूपी में कानून व्यवस्था पर कांग्रेस का हमला

**बागपत जिलाध्यक्ष ने कहा– बढ़ते अपराध पर सरकार नाकाम, जनता देगी जवाब**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। लेकिन सरकार इस पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है। लव कश्यप ने कहा कि बागपत सहित प्रदेश के कई जिलों में अपराधी घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। अपराधी बेखौफ होकर वारदात कर रहे हैं। सरकार ठोस कार्रवाई करने में नाकाम है। जहां सरकार कानून व्यवस्था को लेकर अपनी पीठ थपथपाती है। वहीं हकीकत इसके उलट है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कानून-व्यवस्था की बदहाली से आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। लोगों को सुरक्षित माहौल चाहिए, लेकिन आए दिन की वारदातों से हर वर्ग परेशान है। सरकार को केवल बयानबाजी छोड़कर सख्त कदम उठाने चाहिए। लव कश्यप ने आगे कहा कि आने वाले चुनाव में जनता बीजेपी सरकार को आईना दिखाएगी और कांग्रेस के हाथ मजबूत कर प्रदेश में कानून का राज स्थापित करेगी।




# तीन बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद और दिल्ली में बाइक चोरी कर पार्ट्स बेचते थे, 10 बाइक बरामद**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 10 मोटरसाइकिल व एक अवैध चाकू मिली है। दो बदमाशों की गिरफ्तारी सेक्टर-62 एनआईबी चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। सख्ती से पूछताछ की गई तो इनके एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर जयपुरिया चौराहे के पास पार्क से बाइक बरामद की गई। इनके खिलाफ दिल्ली और नोएडा में मुकदमा दर्ज है। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया तीनों मिलकर नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली से बाइक चोरी करते। इसके बाद पार्टस को अलग करके कबाड़ियों को बेच देते है। ये एक संगठित गिरोह है। इनके नाम अफजल, अफरीद और आस मोहम्मद है। ये तीनों महज भीड़ भाड़ इलाके कामर्शियल कांप्लेक्स, मॉल सेक्टर और अन्य स्थानों पर रैकी करते है। इसके बाद कुछ ही सेकेंड में लॉक तोड़कर बाइक चोरी कर लेते है। उन्होंने बताया कि दो तरीके से चोरी कर घटना करते थे। यदि बाइक पर इलेक्ट्रानिक लॉक लगा है तो वायर के बीच शॉट सर्किट करके लॉक खोलते है। यदि लॉक मैनुअल है तो उसे तोड़ देते है। जिसके बाद बाइक को बताए गए स्थान पर छिपा देते थे। इसके बाद वहां से बाइक आस मोहम्मद के पास ले जाते थे। आस कबाड़ी का काम करता है। यहां बाइक को पार्टस निकालकर ऑन डिमांड बेचते थे।

# स्कूली वैन चालकों का हंगामा, हड़ताल की चेतावनी

**आरटीओ के बस सीज अभियान के खिलाफ भड़के ड्राइवर, सेंट जोंस स्कूल के बाहर धरना**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, आरटीओ द्वारा स्कूली वैन और बस चालकों के खिलाफ चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के बाद बस चालक भड़क गए हैं। बस चालकों ने कैंट में प्रदर्शन कर हंगामा शुरू कर दिया है। स्कूल वैन चालकों का कहना है कि आरटीओ उनका शोषण कर रहा है। आरटीओ उनकी बसों को सीज कर रहा है, उन पर बेवजह की कार्यवाही कर रहा है। अगर आरटीओ विभाग ने अपना एक्शन वापस नहीं लिया तो कोई भी वैन चालक स्कूली वैन नहीं चलाएगा। स्कूल वैन चालक बच्चों को लेकर स्कूलों में पहुंचे। इसके बाद आरटीओ की टीम दोबारा सड़कों पर उतर गई और स्कूली बसों, वैन की चैकिंग करने लगी। इसी से वैन चालक भड़क गए हैं। सेंट जोंस स्कूल कैंट के बाहर छावनी क्षेत्र के तमाम स्कूलों के वैन चालक एकजुट होकर वहीं हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक आरटीओ इस तानाशाही को नहीं रुकेगा हम वैन नहीं चलाएंगे, बच्चों को आज वापस घर छोड़ने से इंकार कर दिया है। वैन चालक राकेश कुमार का कहना है कि वे पिछले कई सालों से स्कूल के वाहन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित घर से लेकर आना और छोड़ना, वाहन चालक की जिम्मेदारी है। अभी कुछ दिनों पहले मेरठ में तीन हादसे हुए हैं। उनका दुःख सभी को है, लेकिन गलत व्यक्ति की वजह से सभी वाहन चालकों को प्रताड़ित न किया जाए। क्योंकि उनकी रोजी रोटी यही है। अब उसपर संकट आ गया। वैन चालक फहीमुद्दीन ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। वाहन चालक इसके विरोध में नहीं है। यदि कोई गाड़ी स्कूल के बाहर भी खड़ी होती है तो, उसे भी जबरन पुलिसकर्मी लेकर चले जाते हैं। अभी तक वाहन चालक द्वारा 2 दिन की हड़ताल की गई थी। इसी बीच बच्चों के पेरेंट्स के फोन वाहन चालकों पर आने शुरू हो गए। इसके बाद हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने चेतावनी दिए कि यदि दोबारा इस तरह के कार्रवाई की गई तो वह हड़ताल जारी रखेंगे।

# लोगों को लौटाए गए खोए फोन

**पुलिस ने 16 लाख कीमत के 156 मोबाइल ढूंढकर मालिकों को लौटाए**

अमन लेखनी समाचार



देवरिया, पुलिस की सर्विलांस सेल ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने 16 लाख रुपये की कीमत के 156 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस लाइन परिसर में इन मोबाइल फोन को उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया। सर्विलांस सेल को गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे। टीम ने तकनीकी निगरानी के जरिए इन मोबाइल को ट्रैक किया। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद मोबाइल उनके मालिकों को वापस कर दिए गए। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी फर्जी कॉल, सोशल मीडिया, ई-मेल और ऑनलाइन शॉपिंग ऐप्स के जरिए लोगों को ठगते हैं। पुलिस अधीक्षक विक्रांतवीर ने लोगों को सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अनजानी लिंक या संदिग्ध मोबाइल ऐप्स पर क्लिक न करें। व्यक्तिगत जानकारी अजनबियों से साझा न करें। साइबर ठगी की शिकायत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर करें। संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस हेल्पलाइन 112 पर दें।

# पुलिस ने पकड़ा 1.82 क्विंटल गांजा

**तीन तस्कर किए गिरफ्तार, उड़ीसा से लाते थे, आंकी गई 40 लाख कीमत**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, थाना फेस-2 पुलिस व स्वॉट-2 टीम ने संयुक्त आपरेशन के दौरान गांजा तस्करी करने वाले 03 तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 01 क्विंटल 82 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इसकी बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपए है। ये तस्करी का मॉल कैंटर से लाते ले जाते थे। इनके नाम अजय कुमार, नीरज वत्स उर्फ नीरू और हिमांशु जाटव है। इनकी गिरफ्तारी निम्मी विहार पुश्ते से कुलेसरा की तरफ नलकूप के पास से की गई। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि ये तीनों एनसीआर क्षेत्र में घूम फिरकर नशे के आदी लोगों को गांजा बेचकर पैसा कमाते है। ये तीनों सोनू उर्फ मौहम्मद सादाब व जेपी नाम के व्यक्ति के साथ मिलकर अवैध गांजे को कटक उड़ीसा से सस्ते दामों पर यहां लाते है।

आइसर कैंटर में बोरे में पैकेटों में छिपाकर दिल्ली एनसीआर में ये गांजा लाते है। जिससे किसी को शक न हो और पकड़े न जा सके। पकड़े जाने के डर से आपस में वॉट्सऐप कॉल से बात करते है। ताकी पुलिस इनको ट्रैक न कर सके। उड़ीसा से गांजा लाने के लिए प्राइवेट वाहन व रेलमार्ग का प्रयोग करते है। एनसीआर के पास से छोटे स्टेशन पर ये उतरते है। ताकि इनको पकड़ा न जा सके। इसके बाद एनसीआर में सप्लाई करते है। ये लोग कॉलेज, पीजी और अन्य स्थानों पर ऑन डिमांड गांजा और घूम-घूम कर भी गांजा की सप्लाई करते है। फरार हो तस्करों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। इसके लिए टीम लगाकर ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# ठगों ने खाते से साफ किए 9.63 लाख

**क्रेडिट कार्ड अपडेट करने का दिया झांसा, इंस्टाग्राम पर देखा था विज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर 78 सनसाइन हिलोज सोसाइटी में रहने वाले रिटायर्ड इंजीनियर जगत पाल को इंस्टाग्राम पर क्रेडिट कार्ड अपडेट कराने का विज्ञापन देख अनजान लिंक पर क्लिक करना भारी पड़ गया। ठगों ने ऑनलाइन कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर 9.63 लाख ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इंजीनियर जगत पाल के पास अमेरिकन एक्सप्रेस का क्रेडिट कार्ड उपयोग करते हैं। उन्होंने आठ जुलाई को इंस्टाग्राम पर कार्ड अपडेट करने संबंधी विज्ञापन देखा। खुद का भी कार्ड अपडेट कराने को लिए क्लिक कर जानकारी प्राप्त करनी चाही, लेकिन एक दो स्टेप के बाद लिंक खुलना बंद हो गया। अगले दिन उनके पास ठग का कथित कंपनी कर्मी बन फोन आया। उसने कार्ड का ऑनलाइन आवेदन करने के लिए एक लिंक भेजा। इंजीनियर ने ठग के बताए निदेर्शानुसार फार्म भर दिया। ठग ने तकनीकी दिक्कत आने की बात कहकर कई बार आवेदन भरवाए, लेकिन वह यह नहीं समझ पाए कि ठग उनके बैंक खाते से रकम उड़ा रहा है। करीब आधे घंटे बाद ठग की काल समाप्त हो गई। कुछ देर बाद देखा कि मोबाइल में कुछ दिक्कत आ रही है। उन्होंने अपना मोबाइल बंद कर चालू किया तो बैंक खाते से 9.63 लाख रुपए कटने के 15 मैसेज थे। उन्होंने पुलिस से जाकर शिकायत की। पीड़ित का दावा है कि ठगों ने नेटबैंकिंग का एक्सेस प्राप्त कर रकम को उड़ाया।

# अनुरागिनी संस्था द्वारा आयोजित नारी शक्ति गौरव उत्सव में महिलाओं का हुआ सम्मान

**महिलाओं ने अपनी प्रतिभा से समाज को नई दिशा दी है : चारु चौधरी**

**स्वावलंबी महिला पूरे परिवार और समाज को मजबूती देती है : पुष्पेंद्र सिंह**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बुंदेलखण्ड की प्रमुख सामाजिक संस्था अनुरागिनी द्वारा आज तहसील सभागार राठ में नारी शक्ति गौरव उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को पहचान देना और समाज में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त मंत्री चारु चौधरी रहीं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी मेहनत और लगन से पहचान बना रही हैं। चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो या उद्यमिता, महिलाओं ने अपनी प्रतिभा से समाज को नई दिशा दी है। हमें गर्व है कि बुंदेलखण्ड की महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन रही हैं। अनुरागिनी संस्था का यह प्रयास निश्चित ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय है। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी उन महिलाओं को सम्मानित किया, जिन्होंने आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, उद्यमिता, स्वच्छता और सामाजिक बदलाव के क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हमीरपुर के पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह, राठ विधायक मनीषा अनुरागी और जिला




पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत मौजूद रहीं। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा समूह से जुड़ी ग्राम गलिया की अंकिता तथा ग्राम नौरंगा की सत्यभामा को नारी शक्ति गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि गांव और समाज की असली ताकत उसकी महिलाएं होती हैं। स्वावलंबी महिला पूरे परिवार और समाज को मजबूती देती है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं का हौसला बढ़ता है और उन्हें नई दिशा मिलती है। अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीन सिंह जादौन ने कहा कि संस्था पिछले 28 वर्षों से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने का कार्य कर रही है। नारी शक्ति गौरव उत्सव का उद्देश्य उन महिलाओं को सामने लाना है जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी राह बनाई और समाज में परिवर्तन की अलख जगाई। हमारा संकल्प है कि हर महिला आत्मनिर्भर बने और समाज में अपनी मजबूत पहचान बनाए। जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना समाज को नई सोच और प्रेरणा देता है। यह आयोजन न केवल सम्मान का प्रतीक है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए आदर्श प्रस्तुत करता है। राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का आधार शिक्षा और आत्मनिर्भरता है। अनुरागिनी संस्था वर्षों से इस क्षेत्र में जो कार्य कर रही है, वह प्रशंसनीय है। समाज में बदलाव तभी संभव है जब महिलाएं अपने अधिकारों और अवसरों को पहचानें। संस्था के कार्यक्रम संयोजक महेंद्र सोनी ने बताया कि आयोजन में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और महिला समूहों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं को रोजगारपरक जानकारियाँ भी दी गईं। कार्यक्रम के समापन पर महेंद्र सोनी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक हमीरपुर के अध्यक्ष चक्रपाणी त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी राठ अभिमन्यु कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह, जिला प्रबंधक एनआरएलएम प्रशांत कुमार मिश्रा, जिला केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राजावत, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, महिला थाना प्रभारी गायत्री सिंह, प्रशांत भूषण सिंह, रामऔतर साहू, रामजी अर्जरिया, अनुरागिनी संस्था से श्याम करण प्रजापति एवं राम सागर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अराधना राजपूत ने किया। नारी शक्ति गौरव उत्सव आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्यरत महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायी मंच साबित हुआ, जिसने समाज में महिला सशक्तिकरण को लेकर नई ऊर्जा और जागरूकता प्रदान की।

# रील बना रहे युवक को दरोगा ने लात घूंसे से पीटा

**रोड पर प्रैंक करने के लिए नींबू-फूल रख रहे थे**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में एक दरोगा द्वारा युवक को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जामो थाना क्षेत्र के जगदीशपुर रोड स्थित नैया नाले के पास की यह घटना है। गोरियाबाद चौकी प्रभारी गोपाल मणि मिश्र ने एक युवक को लातों से पीटा और गालियां दीं। घटना उस समय हुई जब कुछ युवक वहां रील बनाने के लिए प्रैंक के तौर पर सड़क पर नींबू और फूल रख रहे थे। चौकी इंचार्ज मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर युवकों से पूछताछ शुरू की। युवकों के नाम-पता बताने पर दरोगा ने एक युवक पर लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। बताया जा रहा है कि इसी स्थान पर कुछ दिन पहले एक मोबाइल छीनने की घटना हुई थी। इसी संबंध में दरोगा चेकिंग कर रहे थे। पूछताछ के दौरान जब युवक ऊंची आवाज में बात करने लगे, तो दरोगा ने मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए उनसे नाम-पता पूछा। इस दौरान वह आपे से बाहर हो गए। मौके पर मौजूद अन्य युवक दरोगा को रोकने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह नहीं माने। दरोगा ने आसपास से गुजर रहे लोगों को भी बताया कि ये तीनों लुटेरे हैं।

# हत्या के प्रयास में लोहे की पाइप के साथ आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



अमेठी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वीरेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। ग्राम शनिचरा मजरे डेहरा का निवासी है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर चल रहे अभियान में 31 अगस्त 2025 को यह कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस की टीम ने आरोपी को पकड़ा। टीम में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह, उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, हेड कांस्टेबल जंगबहादुर यादव और कांस्टेबल मुकेश मौर्या शामिल थे। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर रामगढ़ गाँव के रोड के पास से एक लोहे का पाइप भी बरामद किया है। थाना संग्रामपुर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



अमेठी पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। रामगंज चौकी प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में तीन स्थानीय निवासियों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में कुरंग गांव के बिछी उर्फ राजेश (जगन्नाथ के पुत्र), रायपुर रामगंज के मूंदर उर्फ विनोद (राम गरीब के पुत्र), और खरगीपुर के महेश मिश्रा (अंबिका मिश्रा उर्फ विजय मिश्रा के पुत्र) शामिल हैं। चौकी प्रभारी संजय सिंह ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। सभी अभियुक्त रामगंज थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

# मुसाफिरखाना के प्राचीन शिव मंदिर में चोरी



● शिवलिंग और अर्घे से चांदी की परत काटकर ले गए चोर, ग्रामीणों में रोष

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के मानशाहपुर गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर में घुसकर शिवलिंग और अर्घे पर लगी चांदी की परत को काटकर चोरी कर ली। सुबह जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तब चोरी का पता चला। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इसी गांव में कुछ दिन पहले हथियार के बल पर एक महिला से लूट की घटना भी हुई थी। इस क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मंदिर से चांदी की चोरी की इस घटना से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में जांच तेज कर दी है और चोरों की तलाश जारी है।

# अंबेडकर पार्क की जमीन पर अवैध कब्जा प्रशासन ने दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के भाले सुल्तान थाना क्षेत्र के ग्राम नारा अढनपुर में अंबेडकर पार्क की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव की निवासी अहोरवा देई द्वारा पार्क की भूमि पर आरसीसी पिलर लगाकर निर्माण कार्य कराए जाने का विरोध ग्रामीणों ने किया। इस मामले में पहले भी उप जिलाधिकारी को शिकायत की गई थी। एसडीएम अभिनव कनौजिया के अनुसार, शिकायत पर राजस्व टीम ने पैमाइश कराई। राजस्व निरीक्षक ने अवैध टीन-छप्पर को हटाने का आदेश दिया था। लेकिन इसके बाद भी वहां फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लोकेश सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण जियालाल पासी, जलालू कोरी, राम प्रसाद कोरी और घिर्राऊ पासी धरने पर बैठ गए। उन्होंने जिलाधिकारी से अवैध कब्जे को रोकने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। तहसीलदार राहुल सिंह, नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी तनुज पाल मौके पर पहुंचे।

# वृद्धाश्रम में छाया हेतु शेड निर्माण कर आश्रम के लोगों को समर्पित करने हेतु हुआ लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के वरिष्ठ सदस्य पूजा - संजय लिखधारी दंपति द्वारा अनमोल अग्रवाल के सहयोग से राज्य मंत्री हरगोविंद कुशवाहा अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान उ. प्र. के मुख्य आतिथ्य, एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश नारायण द्विवेदी, सनशाइन क्लब अध्यक्ष विनोद अग्रवाल यूको के विशिष्ट आतिथ्य, अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय जन सम्पर्क अधिकारी अशोक अग्रवाल काका व संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप सरावगी के सानिध्य में सर्व हित में सिद्धेश्वर नगर स्थित वृद्धाश्रम में छाया के लिए एक शेड का निर्माण कराकर लोकार्पण कराया गया। लोकार्पण वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व डीजीसी जगदीश प्रसाद लिखधारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी द्वारा जल्द से जल्द वृद्धाश्रम में अतिरिक्त शेड निर्माण की घोषणा भी की गई जिसकी कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सराहना की।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् प्रमुख शाखा झांसी आर पी गुप्ता अध्यक्ष अशोक कुमार बिलगैंयां, श्याम सुंदर अग्रवाल, सचिव आर पी मोदी, कोषाध्यक्ष नरेश टकसारी, अशोक अग्रवाल पीएनबी, विनोद अग्रवाल, प्रेम चन्द्र अग्रवाल व सनशाइन क्लब के अनूप बिन्दल, संजय कुमार शुक्ला पूर्व संयुक्त निदेशक मत्स्य, कुलदीप सिंह, राजेश कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार नायक, सचिव अजय कुमार राय, आशा अग्रवाल, साधना अग्रवाल आदि सदस्य, डॉ अरविन्द अग्रवाल, प्रेम चन्द्र अग्रवाल, अवध अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, मुन्ना लाल सेन, तीर्थेश शर्मा प्राचार्य बी बी सी विशेष रुप से एवं अन्य वरिष्ठ सामाजिक जन और वृद्धाश्रम के रहवासी, प्रबंधन तंत्र उपस्थित रहे। लोकार्पण का संचालन क्रीडा भारती के अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने व सभी के प्रति आभार मनोरमा लिखधारी ने व्यक्त किया।

# कच्ची दीवार गिरने सो रही बच्ची की मौत, परिवार में मचा कोहराम



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जनपद के मुंशीगंज थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां कच्ची दीवार गिरने से 13 वर्षीय दीपिका पुनी की मौत हो गई। दीपिका मनोज कुमार की बेटी थी। घटना उस समय हुई जब दीपिका अपने घर में सो रही थी। अचानक कच्ची मिट्टी की दीवार गिर गई। दीपिका दीवार के मलबे में दब गई। परिवार के लोग उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मुंशीगंज पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# अंबेडकर स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं का समापन

## साइकिल रैली और वरिष्ठ नागरिक एथलेटिक्स के विजेताओं को मिले पुरस्कार






अमन लेखनी समाचार

अमेठी डॉ. राष्ट्रीय खेल भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि मेजर ध्यानचंद की जयंती पर तीन दिवसीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 29 अगस्त को अंडर-14 हॉकी और जूनियर भारोत्तोलन का आयोजन हुआ। 30 अगस्त को जूनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स और 31 अगस्त को वरिष्ठ नागरिक पुरुष वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं हुईं।

वरिष्ठ पुरुष वर्ग की 300 मीटर तेज चाल में वसीम अहमद ने प्रथम, अरुण श्रीवास्तव ने द्वितीय और रोहित जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एक किलोमीटर पैदल चाल में दिनेश सिंह, विजय सोनी और आशीष कसौधन क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। मोहम्मद शब्बीर और इंद्र प्रकाश को सांत्वना पुरस्कार मिले। कार्यक्रम में उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, मोहम्मद मोसर्रफ खान, कनिष्ठ सहायक शिव कुमार मौर्य और अंशकालिक प्रशिक्षक मोहम्मद आरिफ, मोना सिन्हा, लबली तिवारी, आरती सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# 30 अगस्त से घर से निकला युवक नहीं लौटा घर

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र से एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। तहसील तिलोई के कोटवा निवासी कन्हैया लाल मौर्य (30) 30 अगस्त 2025 को सुबह 10 बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गए। वह राम सुन्दर मौर्या के पुत्र हैं। परिजनों ने बताया कि कन्हैया लाल के लापता होने के बाद से उनकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। उनकी तलाश की जा रही है। यदि कोई व्यक्ति कन्हैया लाल को कहीं देखता है, तो वह 7040361756 या 8318272408 पर संपर्क कर सकता है। कन्हैया लाल की तलाश में परिजन और पुलिस जुटी हुई है। अगर किसी को भी उनके बारे में कोई जानकारी मिलती है तो तत्काल दी गई नंबरों पर सूचित करने की अपील की गई है।

# मालती नदी पर बना वैकल्पिक मार्ग पानी में बहा

## 30 गांवों के लोग परेशान, छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में मालती नदी पर भीमी-भेटुआ मार्ग स्थित कनकापुर के पास पुल निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के दौरान बनाया गया वैकल्पिक मार्ग बारिश में बह गया है। दो महीने से न तो पुल का निर्माण पूरा हुआ है और न ही नया वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। इस समस्या से 30 गांवों के लगभग 30 हजार लोग प्रभावित हैं। जिला मुख्यालय जाने के लिए उन्हें 15 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। भीमी, कल्याणपुर, सरवांवा, तिवारीपुर, शुकुल का पुरवा और मोहनपुर समेत कई गांव इससे सीधे प्रभावित हैं। स्थानीय निवासी शंकर बक्श सिंह के अनुसार, आवागमन पूरी तरह बाधित है। इस मार्ग से रोजाना 2000 से अधिक छात्राएं अमेठी में पढ़ने जाती थीं। पुल बहने के बाद उनकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। भेटुआ लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता पतिराम यादव ने कहा कि बारिश के कारण अस्थायी मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने जल्द ही नया वैकल्पिक मार्ग बनाने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया गया तो वे प्रदर्शन करेंगे।

# भाजपा कार्यालय में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम के मन की बात

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के गौरीगंज स्थित भाजपा कार्यालय में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यालय में सैकड़ों भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी भाजपा नेताओं ने अपने कार्यालयों और आवास पर कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि मन की बात से प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जम्मू के एक युवा और उड़ीसा की एक महिला का उल्लेख किया। दोनों खेलो इंडिया के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन से किसान, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सहित समाज का हर वर्ग लाभान्वित होता है।

# अमेठी में नंद घर परियोजना बंद

## 354 आंगनबाड़ी केंद्रों से गायब हो रहे उपकरण,

● ग्रामीणों ने की योजना फिर शुरू करने की मांग

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में स्मृति ईरानी के प्रयास से शुरू की गई नंद घर परियोजना अब बंद होने की कगार पर है। विकास खंड शुकुल बाजार के मवैयारहमत गढ़ में स्थित नंद घर की स्थिति बिगड़ती जा रही है। बाल विकास परियोजना के तहत वेदांता समूह द्वारा यह योजना चलाई जा रही थी। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण में सुधार लाना था। जनपद में कुल 354 आंगनबाड़ी केंद्रों को इस परियोजना से जोड़ा गया था। इन केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया था। सोलर पैनल से बिजली की व्यवस्था की गई थी। टीवी और पंखे लगाए गए थे। बच्चों के लिए खिलौने और शैक्षिक चित्रों की व्यवस्था की गई थी। परियोजना के बंद होने से सारी व्यवस्था चरमरा गई है। केंद्रों से उपकरण गायब हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस योजना से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को काफी लाभ मिल रहा था। ग्रामीणों ने शासन से इस योजना को फिर से शुरू करने की मांग की है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# क्या टीचर्स का रोल निभा पाएगा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस

जब-जब किसी नई तकनीक का प्रचलन बढ़ता है, पारंपरिकता के सामने चुनौती खड़ी हो ही जाती है। हाल के वर्षों में एआई के बढ़ते चलन ने कई अन्य प्रोफेशंस समेत टीचर्स के लिए भी चुनौती पैदा कर दी है। लेकिन सवाल यह है कि क्या एआई कभी एक इंसान जैसी भावनात्मक जुड़ाव के साथ नैतिकता और मानव मूल्य का पाठ छात्रों को पढ़ा पाएगा?





आवरण कथा
लोकमित्र गौतम

आज के एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) युग में जब हर तरह के कठिन से कठिन सवाल का जवाब चैटबॉट पलक झपकते दे देते हों, जब बच्चों से लेकर गहन शोधकर्ताओं तक में अपनी हर जिज्ञासा को गूगल सर्च या एआई के जरिए साफ करने की प्रवृत्ति गढ़ी हो, जब दुनिया के टॉप यूनिवर्सिटीज में भी आधे से ज्यादा शोध एआई की मदद से किए जा रहे हों, जब नए वैज्ञानिक आविष्कारों, मेडिकल तकनीकों, बीमारियों के नए से नए इलाज खोजने के लिए एआई का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा हो, तब क्या बच्चों को पढ़ाने के लिए, उन्हें पढ़ा लिखाकर संवारने के लिए, शिक्षकों की उतनी ही जरुरत है, जितनी अब के पहले हुआ करती थी? यह सवाल इसलिए आजकल हर तरफ पूछा जाने लगा है या बिना पूछे भी मौजूद दिख रहा है, क्योंकि कई एआई विशेषज्ञों ने ही नहीं, इस दौर के मशहूर अध्यापकों ने भी घोषणा कर दी है कि अगले कुछ सालों में पढ़ाने के लिए टीचर की जरूरत नहीं होगी। हाल के सालों में अपने पढ़ाने की शैली से जबर्दस्त लोकप्रियता हासिल करने वाले अध्यापक और एक मशहूर कोचिंग के संस्थापक विकास दिव्यकीर्ति ने अपने कई हालिया साक्षात्कारों में कहा है कि अब छात्रों को टीचर क्या पढ़ाएगा, उन्हें हर जरूरी सवाल का जवाब बड़ी सहजता से एआई से मिल रहा है और अगले कुछ सालों में और विश्वसनीय तरीके से मिलेगा।

असल में यह सब जितना सतही दिखता है, उतना है नहीं। हालांकि एआई के आने के तुरंत बाद यह घोषणा नहीं की गई कि एआई जिन कुछ पेशेवरों को सबसे पहले बेरोजगार करेगी, उनमें अध्यापक भी होंगे। लेकिन जब से गूगल सर्च धीरे-धीरे करीब 90 फीसदी तक विश्वसनीय हुआ और फिर चैटबॉट का धमाका हुआ, जो इंसानों की ही तरह व्यक्तिगत रूप से आपकी हर जिज्ञासा को शांत करने की कोशिश करता है और जो इसके नए वर्जन मार्केट में आए हैं, वो यह सब काम सिर्फ तथ्यात्मक या तकनीकी ढंग से सपाट अंदाज में नहीं कर रहे बल्कि इसमें इंसानों की तरह का एक खिलंदड़पना भी है। तब से यह भविष्यवाणी जरा तेज होने लगी है कि आने वाले दिनों में अध्यापकों की जरूरत नहीं रहेगी।

## कम नहीं हुई शिक्षकों की महत्ता

यहां हमें यह भी समझना होगा कि असल में शिक्षक की भूमिका कभी भी केवल जानकारी देने वाले की नहीं रही, अगर सिर्फ इतनी ही होती तो जब कागज में किताबें छपने लगी थीं, रेडियो का आविष्कार हो गया और उसमें तमाम ज्ञान और शिक्षा के कार्यक्रम आने लगे, जब टीवी का स्वर्णयुग आया और विभिन्न विषयों पर दुनिया के एक से बढ़कर एक विशेषज्ञों के विचार सार्वजनिक होने लगे और हां, सबसे ज्यादा तब जब इंटरनेट अस्तित्व में आया और दुनियाभर के ज्ञान का एक व्यवस्थित स्रोत बन गया, तब भी टीचर्स की जरूरत में रत्तीभर कोई कमी नहीं आई बल्कि सच तो यह है कि दिलो-दिमाग में इसके अप्रासंगिक हो जाने का विचार तक नहीं आया। हालांकि निश्चित रूप से एआई के विस्तारित आविष्कार के रूप में अस्तित्व में आए लॉन्ग लैंग्वेज मॉडल्स अर्थात चैटबॉट ने पहली बार अध्यापकों की जरूरत पर सवालियां निशान लगाएं हैं। लेकिन यकीन मानिए, ये सवालिया निशान सिर्फ तात्कालिक या कहें शुरुआती चकाचौंध की उपज हैं।



## मार्गदर्शन भी देता है अध्यापक

सच बात यही है कि जैसे-जैसे चैटबॉट का अनुभव पुराना होता जाएगा, हमें स्वतः यह पता चल जाएगा कि यह या एआई का कोई भी आविष्कार वास्तव में कभी अध्यापक की जगह नहीं ले सकता। क्योंकि अध्यापक केवल मशीनी अंदाज में छात्रों को ज्ञान भर नहीं देता। उसकी भूमिका इससे कहीं बड़ी होती है। अध्यापक ज्ञान देने से बढ़कर मार्गदर्शन करता है। छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। उनमें मूल्यों की नींव डालता है और उनके एकीकृत व्यक्तित्व का संरक्षक बनता है। इसलिए यह जटिल भूमिका कोई भी वैज्ञानिक आविष्कार या कहें वह कितना ही महान और कितना ही क्रांतिकारी हो, नहीं कर सकता।



## निभाता है बहुस्तरीय भूमिका

अध्यापक बहुस्तरीय भूमिका निभाते हैं। वे मशीन नहीं हैं। वे आपको मशीनी अंदाज में निर्मित नहीं करते बल्कि एक कलाकार की तरह अपनी समूची भावनात्मक संवेदना के साथ धीरे-धीरे गढ़ते हैं। इसलिए कोई मशीन कितनी ही इंटेलीजेंट क्यों न हो जाए, वह कभी भी अध्यापक की जगह नहीं ले सकती। दिल छू जाने वाले सवाल पूछना और जीवन बदल देने वाली प्रेरणा देना सिर्फ इंसान ही जानता है। यह कमाल सिर्फ इंसानी टीचर ही कर सकता है। इसलिए उन्नत से उन्नत चैटबॉट के युग में भी इंसानी अध्यापक न सिर्फ बने रहेंगे बल्कि पहले से और ज्यादा प्रासंगिक होंगे, इस जटिलता से निजात दिलाने के लिए। शिक्षक अब न सिर्फ सूचना ही देता है और न ही कोई कुशलता सिखाता है। वह सूचना और कुशलता सिखाने के साथ-साथ आप में प्रशिक्षण यानी वैल्यू और एथिक की भी नींव मजबूत करता है। क्योंकि एआई किसी भी सवाल का क्या और कैसे बता सकता है, लेकिन अधिकांश सवालों से 'क्यों' जवाब शिक्षक ही देगा। जीवन मूल्य, सहानुभूति, सहयोग और जिम्मेदारी जैसी चीजें कोई इंसान ही किसी दूसरे इंसान को सिखा सकता है या कोई इंसान ही दूसरे इंसान से सीखने के लिए प्रेरित हो सकता है। एआई छात्रों में पर्सनालिटी बिल्डिंग यानी व्यक्तित्व विकास का काम भी अच्छे ढंग से नहीं कर सकता। किसी भी छात्र को आत्मविश्वास, संवाद कौशल, टीम वर्क और नेतृत्व की क्षमता विकसित करने के लिए कोई जीता जागता अध्यापक ही प्रेरित कर सकता है।

## अध्यापकों को स्वीकारनी होगी चुनौती

इस मामले में यह भी जरूरी है कि एआई की चुनौती से निपटने के लिए आज के अध्यापकों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। अब सिर्फ किताब पढ़ा देना भर अध्यापक का काम नहीं रहा। अब विशेषकर इस चैटबॉट के युग में अध्यापकों की कई तरह की भूमिकाएं उभर कर सामने आती है। मसलन-अब अध्यापक को एक मेंटर के रूप में अपनी बड़ी भूमिका निभानी है। उसे छात्र को यह सिखाना है कि किसी भी जानकारी का उपयोग कैसे करना है, कौन सी जानकारी विश्वसनीय है और कौन सी भ्रामक है या हो सकती है, इसका फर्क सिखाना भी बहुत जरूरी है। *

### कई रूपों में नाकाबिल है एआई

**आज एआई** की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्पीड और स्केल को माना जाता है। कोई भी बच्चा जब चाहे एआई चैटबॉट से गणित का सवाल हल कर सकता है, किसी भी ऐतिहासिक घटना का सार या सारांश पा सकता है। विज्ञान की जटिल से जटिल थ्योरी को समझ सकता है। इस दृष्टि से एआई एक विशिष्ट सूचना शिक्षक तो है, लेकिन एआई या चैटबॉट किसी छात्र का दिल नहीं बदल सकता, उसे प्रोत्साहित नहीं कर सकता, उसे प्रभावित नहीं कर सकता और उसे प्रोत्साहित भी नहीं कर सकता। इस अर्थ में टीचर एआई या चैटबॉट के लिए खुद में एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि शिक्षा का असली मकसद सिर्फ सवालों के जवाब पाना नहीं है बल्कि छात्रों में सोचने, समझने, चीजों को विश्लेषित करने की एक शैली या कुशलता को विकसित करना भी है। यह स्किल या कुशलता सिर्फ अध्यापक ही छात्रों को दे सकता है। इस मामले में एआई की क्षमता सीमित है। कोई भी मशीन किसी इंसान को किसी तरह का मूल्य नहीं सिखा सकती, न ही उसमें मूल्यबोध पैदा कर सकती है।

विचारणीय
अलका सोनी

अनेक वजहों से हमारे समाज में शिक्षकों की प्रतिष्ठा और उनके प्रति सम्मान घटता जा रहा है। उनके सामने अनेक चुनौतियां और मुश्किलें भी मौजूद हैं। ऐसे में उन सवालों पर विचार करना और उनके जवाब खोजना आज बहुत जरूरी हो गया है।

# तभी फिर सम्मान-प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे शिक्षक



प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति में शिक्षक को सर्वोच्च स्थान पर प्रतिष्ठित किया जाता रहा है। लेकिन बड़ा सवाल है कि क्या आज के भारत में शिक्षक इस सम्मान का वास्तविक अनुभव कर पा रहे हैं? क्या यह पेशा युवाओं की पहली पसंद रह गया है? और सबसे महत्वपूर्ण सवाल जब हम विदेशों की तुलना में अपने शिक्षकों की स्थिति देखते हैं, तो क्या हमें आत्ममंथन की आवश्यकता नहीं है? आज तो ऐसी स्थिति हो गई है कि जब कोई बच्चा पढ़ना शुरू करता है, तब से ही अधिकांश बच्चों के माता-पिता और परिचित उसे इंजीनियर, डॉक्टर और न जाने कौन-कौन से पेशे को अपनाने का सपना देखने और दिखाने लगते हैं। तब शायद ही कोई यह कहता है कि वह बड़ा होकर एक शिक्षक बनेगा। यह बात कड़वी है, लेकिन सच है। भले ही हमारे देश में गुरु-शिष्य परंपरा रही हो। हम गुरु को भगवान से भी बड़ा मानते हो, लेकिन हमारे ही देश में आज शिक्षक के पेशे को कमतर आंका जाता है। लोग मजबूरी में शिक्षक के पेशे को अपनाते हैं। इसलिए यह जानना जरूरी है कि आज आखिर ऐसा क्यों हो रहा है?

**शिक्षक का बदलता स्वरूपः** प्राचीन भारत में गुरु का दर्जा बहुत महत्वपूर्ण माना जाता था। उन्हें सचमुच भगवान से ऊंचा स्थान दिया जाता था। गुरुकुल परंपरा में शिक्षक, शिष्य के संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण के लिए जिम्मेदार होते थे। उन्हें वेतन नहीं, बल्कि 'दक्षिणा' दी जाती थी। यानी सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक, साथ ही एक बार शिष्य के गुरुकुल में प्रवेश करने के बाद उस पर गुरु का अधिकार होता था। उनकी आज्ञा ही उसके लिए सर्वोपरि होती थी। इस क्रम में शिष्यों के माता-पिता भी उनके बीच नहीं आते थे।



**कई दायित्वों का दबावः** अगर आप प्राचीन भारत से तुलना करें तो साफ पता चलेगा कि आज अधिकतर शिक्षकों का कार्य केवल किताबों तक सीमित नहीं रह गया है। यानी कि वे शिक्षा देने के साथ-साथ मिड-डे मील की निगरानी से लेकर चुनाव ड्यूटी, जनगणना, टीकाकरण जागरूकता अभियान जैसे कई सरकारी कार्य में लगाए जा रहे हैं। इन सब कामों में उनकी भूमिका है, लेकिन उस अनुपात में उन्हें ना तो वह सम्मान मिलता है, न ही संसाधन। फलस्वरूप उनमें असंतोष या हताशा के भाव घर कर लेते हैं। इसके अलावा भी कई कारण हैं, जिनकी वजह से युवा इस पेशे को कम ही अपनाना चाहते हैं।

**आर्थिक कारणः** किसी भी पेशे को अपनाने की सबसे बड़ी वजह लोगों का आर्थिक रूप से सक्षम होना होता है। लेकिन शिक्षकों को समान शिक्षा कौशल वाले अन्य क्षेत्रों आई टी, फाइनेंस, मैनेजमेंट की तुलना में शुरुआती वेतन प्रायः कम मिलता है, जिससे अवसर-लागत अधिक लगती है। साथ ही कॉन्ट्रैक्ट/अस्थाई नियुक्तियां उनके काम करने के उत्साह को कम करती हैं। क्योंकि गेस्ट, आउटसोर्स या अल्पकालिक कॉन्ट्रैक्ट्स में वेतन और सुविधाएं सीमित रहती हैं।

**भर्ती-प्रक्रिया की दिक्कतेंः** अकसर सरकारी शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया बहुत समय लेती है। इससे भर्ती में देरी, अनिश्चितता बनी रहती है। विज्ञापन से ज्वाइनिंग तक वर्षों लग जाते हैं। इससे ऊबकर युवा करियर के दूसरे विकल्प चुन लेते हैं। नियुक्ति की परीक्षाओं में पेपर लीक, बार-बार होते मुकदमे और परीक्षा रद्दीकरण इसकी परीक्षा विश्वसनीयता पर असर डालती है, जिससे समय और ऊर्जा की भारी बर्बादी होती है। पहले शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया आसान और सुलझी हुई थी। लेकिन अब दिन पर दिन यह जटिल होती जा रही है।

**कार्य-परिस्थितिः** अधिकतर शिक्षकों पर बहुत दबाव रहता है। एक ही शिक्षक पर कई कक्षाएं और विषय पढ़ाने का दबाव भी रहता है, जिससे सभी छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान देना कठिन हो जाता है। कुछ प्राइवेट स्कूलों को छोड़कर अन्य स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी जैसे कि लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट-क्लास, बिजली/नेट जैसी न्यूनतम सुविधाएं भी सीमित रूप में होती हैं।

**कई स्तरों पर बदलाव की जरूरतः** शिक्षकों का मुख्य कार्य पठन-पाठन से जुड़ा होना चाहिए। उन्हें गैर-शैक्षिक कामों से यथासंभव राहत देनी चाहिए। क्योंकि इन सब से उनकी कार्य क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए विद्यालय में केवल शिक्षण पर ध्यान देने का वातावरण बनाने की जरूरत है। ताकि युवाओं के मन में इस पेशे के प्रति सम्मान और समर्पण बना रहें। शिक्षा में सुधार के लिए छात्रों के साथ ही शिक्षकों और विद्यालयों की स्थिति में भी सुधार की आवश्यकता होती है। हर विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने से शिक्षकों के ऊपर कम दबाव होगा। लैब, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, इंटरनेट जैसी सुविधाएं स्कूलों तक पहुंचनी जरूरी है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इनके अलावा आज समाज में शिक्षक के पेशे का सम्मान घटता जा रहा है। इस बात को समझना होगा कि लोग जिन भी कारणों से इस काम के प्रति उदासीन हो रहे हैं, उन कारणों को दूर करने की आवश्यकता है। अगर मीडिया और समाज में शिक्षकों को 'सोशल हीरोज' के रूप में मान्यता मिले, उन्हें पुरस्कार, सामुदायिक सम्मान मिले, तो स्थिति में बदलाव आ सकती है। *



कविता
हरीश कुमार 'अमित'

## कुछ ख्वाब

कुछ ख्वाब
ज़िंदगी के
रहते बस ख्वाब ही।
बीतती जाती ज़िंदगी
देखते-देखते
इन ख्वाबों को।
इंतज़ार इन ख्वाबों के
पूरा हो जाने का,
रहता बस इंतज़ार ही।
बढ़ती रहती
इन ख्वाबों के
पूरा न हो पाने की कसक
वक्त बीतने के साथ-साथ।
और आख़िरकार
बन जाती एक दिन
खुद ज़िंदगी ही
एक बीता हुआ ख्वाब।

कहानी / संजीव ठाकुर

विकास के नाम पर पेड़ों की बलि कितनी हृदय विदारक होती है, यह तो केवल पेड़ ही महसूस कर सकते हैं। हम इंसान तो केवल अपने स्वार्थ और आरामतलबी के चलते उन पर कुल्हाड़ी चलाते रहते हैं। काश हममें वह संवेदना जगती, कि हम इन पेड़ों की दारुण व्यथा-कथा सुन सकते, महसूस कर सकते!

# मातम



दीवार खिंच चुकी है। कैंपस के करीब पांच मीटर अंदर। दो सौ मीटर लंबाई में। इस दीवार के बाहर कैंपस की जो जमीन है, पेड़-पौधे हैं, कमरे हैं, चहारदीवारी है- अब सरकारी संपत्ति है। यह कैंपस भी वैसे सरकारी है- कम से कम एक सौ सत्तर वर्ष पुराना। हेरिटेज बिल्डिंग। बाहर खुला लॉन। साठ-सत्तर वर्ष पुराने पेड़ों से घिरा हुआ।

अब खिंची दीवार के बाहर की समस्त भूमि सड़क का हिस्सा बनने जा रही है। पेड़ कट कर कुछ सरकारी गोदाम और कुछ चोरी-चुपके मंडियों में पहुंचने लगे हैं।

सीधे खड़े नीम और सेमल के पेड़ की बलि ली जा चुकी है। कल बट-बाबा की बारी है। कयामत की रात है। आस-पास खड़े सभी पेड़ गमगीन हैं- जो दीवार के इस पार हैं वे भी, उस पार हैं वे भी। इस पार वर्षों से टेढ़ा खड़ा नीम सीधे खड़े नीम के जाने से उदास है। कहता है, 'मुझे ही काट ले जाते? मैं लंगड़ा पेड़, न जाने कब गिर जाऊं? मेरे जाने से कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। वह तो तीस वर्षों से खड़ा था, वातावरण की सारी गंदगी पीता था और स्वच्छ हवा लोगों को देता था।'

सेमल का भाई भी अपने बड़े भाई के जाने से दुखी है। 'कल नहीं तो परसों मेरी भी बारी आ ही जानी है।' वह सोच रहा है। दीवार के इस पार खड़ा ताड़ का पेड़ बोल पड़ा, 'अब देखो, मैं बच गया। मैं तो लोगों को कुछ खास फायदा नहीं पहुंचा पाता, लेकिन बट-बाबा के बारे में सोचो। साठ साल से धूप, वर्षा, ठंड की परवाह किए बिना डटे हुए हैं। कितनी तो गर्मी अपने अंदर सोख चुके हैं। अभी भी गर्मी सोखने की इनकी ताकत का कोई जोड़ नहीं है। लेकिन मूर्ख मनुष्य कुछ सोचने वाले ही नहीं हैं।'

इस पर बट-बाबा बोले, 'मेरी चिंता मत करो दोस्तों! मैं तो अपने बेटे के बारे में चिंतित हूं। उसने अभी दुनिया ही कितनी देखी है? ...दो-चार दिनों में वह भी मशीनी दानव के द्वारा धराशाई कर दिया जाएगा।'

'उस नए-नए जवान हुए पीपल और आम के पेड़ के बारे में भी तो कोई नहीं सोच रहा।' दीवार के उस पार अपनी जान की खैर मनाता जामुन का पेड़ बोल पड़ा।

'अरे! मनुष्य अपने विनाश की पटकथा खुद लिख रहा है। हमें क्या सोचना?' पीपल बोल पड़ा, 'मैं अभी कम से कम पचास साल यहां खड़ा रहता और मनुष्य को बचाने में अपना योगदान देता। लेकिन...! कोई बात नहीं।'

आम के पेड़ ने गुस्सा होते हुए कहा, 'मैं साफ हवा के साथ-साथ उन गधों को मीठे फल भी देता हूं। फिर भी मेरी चिंता उन्हें नहीं है। मैंने यहीं इसी कैंपस में किसी को कहते हुए सुना है, 'अगर पेड़ों को नहीं काटा जाएगा तो विकास कैसे होगा?'

'विकास क्या होता है दादा?' टेढ़े नीम ने पूछा।

पीपल के पेड़ ने बुजुर्ग की भूमिका ओढ़ते हुए समझाया, 'हमें काट कर, गड्ढों को ईंट, पत्थर से पाटकर, बुल्डोजर चलाकर, ऊपर से कोलतार की चादर बिछाकर जो चमचमाती सड़क बनती है, उसे विकास कहते हैं बेटा! यह विकास पूरे देश में होता रहता है। पहाड़ों पर होता रहता है। जंगलों को अंधाधुंध काटकर चौड़ी-चौड़ी सड़कें बनाई जाती हैं। दिल्ली-मुंबई-चेन्नई में रहने वाले लोगों की गाड़ियां मैदान से लेकर पहाड़ तक फर्राटे भरती रहती हैं। वे लोग सरकार की तारीफ में कहते हैं, 'देखो, यह है विकास।'

'लेकिन मैंने तो यहीं एक बार दो लोगों को बात करते सुना था कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पहाड़ों के पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचता है।'

'पर्यावरण की चिंता किसे है बेटे?' बट-बाबा ने दुखी स्वर में कहा, 'मैं तो पिछले साठ सालों से देख-सुन रहा हूं। कई लोगों को इसके लिए अभियान चलाते हुए भी देखा है। लेकिन होता-हवाता कुछ नहीं है। अंततः सरकार ही जीतती है। कहीं पेड़ों, पहाड़ों को काटकर सड़क बना देती है, बड़े-बड़े होटल बनवा देती है, कहीं बीसियों गांवों को सदा के लिए पानी में डुबोकर बांध बनवा देती है।'

'लेकिन यह सब भी तो जरूरी ही होता होगा, 'जैसा कि कुछ लोग कहते हैं?' सेमल का अधेड़ पेड़ बोल पड़ा।

पीपल को गुस्सा आ गया, 'होता है बाबू, होता है। तभी तो वे पेड़, पहाड़, नदी, तालाब वगैरह की परवाह नहीं करते। जहां कुछ बनाना हो, बना लेते हैं। लेकिन जान लो, मैं जाते-जाते कह रहा हूं- यह विकास ही उनके विनाश की वजह होने जा रहा है।'

पेड़ों के बीच चुप्पी छा गई। उनके पत्तों ने हिलना-डुलना बंद कर दिया। वे इतने गमगीन हो गए मानो मनुष्य का विनाश होने पर मातम मनाने बैठे हों। *

पुस्तक चर्चा / दिनेश मालवीय 'अश्क'

# भावप्रवण कविताओं का पठनीय संग्रह

कहते हैं, हर व्यक्ति में एक कवि छिपा होता है। काव्यात्मक अनुभूतियां होने के बावजूद हर किसी में उन्हें शब्दों में अभिव्यक्त करने की योग्यता नहीं होती। जिनमें यह क्षमता होती है, वे औपचारिक रूप से कवि बन जाते हैं। जनसंपर्क विभाग में अपर संचालक पद से सेवानिवृत्त सुरेश गुप्ता का प्रथम काव्य संग्रह 'असमय का अंधेरा' हाल में प्रकाशित हुआ है। इस संग्रह में उनकी 89 कविताएं शामिल हैं। मुक्त छंद में रचित सभी कविताएं छोटी, लेकिन गहरे भाव और जीवन अनुभव से परिपूर्ण हैं। किताब की पहली कविता 'असमय का अंधेरा' पढ़ते ही कवि की भाव प्रवणता और सशक्त अभिव्यक्ति का संकेत मिल जाता है। इसमें वे कहते हैं, 'अंधेरे से किसी को/भला क्या ऐतराज हो सकता है/रात लिखी ही है/अंधेरे के नाम/जैसे दोपहर, शाम दिन के नाम/पर बहुत कचोटता है/यह असमय का/दिन का अंधेरा।' एक अन्य कविता में वह गहरा जीवन दर्शन कुछ ऐसे बयां करते हैं, 'कुछ पा लिया/कुछ छूट गया/जो छूटा/उसमें/वह रास्ता भी रहा/जो तुम तक/जाता था।' कई कविताओं के गहन अर्थ को समझने के लिए दो-तीन बार भी पढ़ना पड़ सकता है। बहरहाल, इसमें संदेह नहीं कि इन कविताओं में कवि के जीवन संघर्ष, कड़वे-मीठे अनुभव बहुत सहजता से अभिव्यक्त हुए हैं। *




**पुस्तकः** असमय का अंधेरा, **लेखकः** सुरेश गुप्ता, **मूल्यः** 100 रुपए, **प्रकाशकः** प्रथमेश प्रिंटर्स, भोपाल